रोहतक
मंगलवार 19 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
तृतीया वर्ष : 30, अंक : 104
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

**मौसम**
अधि. 46.2
न्यून. 21.0

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 आरोन राय ने रचा इतिहास, जीता पीजीए चैंपियनशिप का खिताब

## भारत की पहली बुलेट ट्रेन का 'फर्स्ट लुक'



अहमदाबाद (एजेंसी)। भारत की पहली बुलेट ट्रेन की पहली झलक सोमवार को सामने आई। दिल्ली में रेल मंत्रालय के गेट नंबर 4 पर मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल की फोटो लगाई गई है। रेल मंत्रालय ने भरोसा जताया है कि इसी साल गुजरात के सूरत और बिलिमोरा के बीच (करीब 50 किमी) देश की पहली बुलेट ट्रेन चलाई जा सकती है। 508 किमी लंबा मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट जापान सरकार की टेक्निकल और फाइनेंसिअल मदद से बन रहा है। यह प्रोजेक्ट गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा और नगर हवेली से होकर गुजरेगा। इसमें मुंबई, ठाणे, विरार, बोइसर, वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, वडोदरा, आनंद, अहमदाबाद और साबरमती समेत 12 स्टेशन बनाए जा रहे हैं।

■ रेल मंत्रालय ने गेट पर लगाई तस्वीर

### 12 में से 8 स्टेशनों का काम पूरा

रेलवे मंत्रालय ने बताया कि प्रोजेक्ट में शामिल 12 में से 8 स्टेशनों का नींव का काम पूरा हो चुका है। इनमें वापी, बिलिमोरा, सूरत, भरूच, आनंद, वडोदरा, अहमदाबाद और साबरमती शामिल हैं। 17 नदी पुल पूरे हो चुके हैं, जबकि नर्मदा, माही, तापी और साबरमती जैसी 4 बड़ी नदियों पर पुल का काम तेजी से चल रहा है। महाराष्ट्र में भी 4 नदी पुलों पर काम जारी है। रेल डिपो के काम की बात करें तो ठाणे, सूरत और साबरमती में डिपो तेजी से बनाए जा रहे हैं। मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में सिविल वर्क अच्छा चल रहा है। यहां खुदाई का 91% काम पूरा हो चुका है और बेसमेंट स्लैब का काम लेवल-4 तक 100% पूरा हो गया है।

## भारत अब नक्सल मुक्त : शाह

### बस्तर में गृहमंत्री ने की घोषणा, यहां तेजी से होगा विकास



रायपुर (एजेंसी)। भारत अब नक्सवाद से मुक्त हो चुका है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि देश से नक्सलवाद का खात्मा हो चुका है। अब इन इलाकों का तेजी से विकास होगा। अमित शाह ने कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में स्थायी शांति कायम करने और यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि विकास अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। नक्सलवाद के खात्मे के बाद अब तेजी से विकास होगा। बता दें कि रविवार को छत्तीसगढ़ के तीन दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर जिले के मुख्यालय जगदलपुर स्थित अमर वाटिका में माओवाद के खिलाफ लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले 1,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी इस अवसर पर उपस्थित थे। (पेज 5 भी देखें)

**वीर जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा**

उन्होंने कहा कि, बस्तर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और विकास के लिए हमारे जवानों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा।

## कैबिनेट बैठक : मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कई बड़े फैसलों पर मुहर

# एनसीआर में टैक्सी व डिलीवरी के लिए चलेंगे सिर्फ ईवी-सीएनजी वाहन

## पानीपत स्थित चुलकाना धाम के लिए बनेगा श्राइन बोर्ड

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट की बैठक हुई। छह घंटे चली मीटिंग में 27 एजेंडे रखे गए। इसमें कई बड़े फैसलों पर मुहर लगी। एनसीआर में प्रदूषण कम करने और यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए ओला-उबर जैसी एप आधारित टैक्सी और फूड व अन्य डिलीवरी कंपनियों को सीएनजी, इलेक्ट्रिक या कम प्रदूषण करने वाले वाहन ही इस्तेमाल करने होंगे। गाड़ियों में सुरक्षा उपकरण और यात्रियों-ड्राइवरों का बीमा अनिवार्य होगा। वहीं, सरकार ने बीसी-ए और बीसी-बी कैटेगरी के नॉन-क्रीमी लेयर सर्टिफिकेट की वैधता को लेकर बड़ा फैसला लिया। 23 जुलाई 2024 से पहले जारी सर्टिफिकेट को भी मान्य कर दिया गया है, जिससे एचपीएससी की भर्ती प्रक्रिया में उम्मीदवारों को राहत मिलेगी और पुराने सर्टिफिकेट को लेकर उलझन दूर हो जाएगी।

### सरकार का प्रदूषण घटाने पर जोर

**धार्मिक स्थलों का होगा रखरखाव**

कैबिनेट बैठक में बाबा श्री खाटू श्याम श्राइन बोर्ड, चुलकाना धाम, समालखा, जिला पानीपत की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके साथ ही हरियाणा बाबा श्री खाटू श्याम चुलकाना धाम श्राइन अध्यादेश, 2026 नामक मसौदा अध्यादेश को भी मंजूरी दी गई है। यह निर्णय चुलकाना धाम स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के बेहतर प्रबंधन, प्रशासन, विकास और रखरखाव को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। यह स्थल हरियाणा और देश के अन्य हिस्सों से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का एक प्रमुख केंद्र है।



बैठक में कुल 27 एजेंडे रखे गए, कई पर बनी सहमति

**एकमुश्त निपटान योजना 2026 पर लगी मुहर**

मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य में छोटे करदाताओं/ व्यापारियों को राहत देने के लिए जीएसटी कर नियम लागू होने से पूर्व बकाया वसूली के लिए हरियाणा एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएस-2026) को मंजूरी प्रदान की गई। इस योजना का उद्देश्य पुराने मुकदमों को कम करना और पहले के कर कानूनों के तहत बकाया वसूली में तेजी लाना है। यह योजना 1 जून, 2026 को शुरू होगी और 120 दिनों तक लागू रहेगी।

**सरकारी कर्मियों को यूपीएस से एनपीएस में लौटने का मौका**

मुख्यमंत्री ने बताया कि जिन सरकारी कर्मचारियों ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को चुना है, उन्हें एक मौका मिलेगा कि वे फिर से एनपीएस में वापस जा सकें। यह मौका सिर्फ एक बार मिलेगा और रिटायरमेंट से एक साल पहले तक ही इसका फायदा उठाया जा सकेगा। इसका सीधा असर सरकारी कर्मचारियों पर होगा। कर्मचारियों को यह आजादी मिलेगी कि वे अपनी जरूरत के हिसाब से बेहतर पेंशन योजना चुन सकें।

**गुरुग्राम मेट्रो प्रोजक्ट की संशोधित लागत को मंजूरी**

मंत्रिमंडल द्वारा मिलेनियम सिटी सेंटर (एमसीसी) से साइबर सिटी तक गुरुग्राम मेट्रो कॉरिडोर की संशोधित परियोजना लागत 7,098.70 करोड़ की स्वीकृत दी गई है। इसके अतिरिक्त, रैपिड मेट्रो के साथ इंटीग्रेशन के परिवर्तित परिदृश्य से संबंधित 947.06 करोड़ की अनुपूरक रिपोर्ट तथा सेक्टर-5 मेट्रो स्टेशन से गुरुग्राम रेलवे स्टेशन तक स्पर लाइन हेतु 454.32 करोड़ रुपये की अनुपूरक रिपोर्ट को भी मंजूरी प्रदान की गई है।

- डेयरी हेतु स्वयं सहायता समूह को शामलात भूमि को मंजूरी मिली
- उच्चतर शिक्षा विभाग में सुपरिंटेंडेंट पद के लिए नए नियम लागू किए गए
- औद्योगिक प्लॉटों को छोटे हिस्सों में बांटने की दी गई इजाजत
- हिसार एयरपोर्ट पर बन रहे आईएमसी के लिए स्टांप और पंजीकरण शुल्क माफ
- एफडीए के पदों की संख्या 582 से बढ़ाकर 1424 की गई

### खबर संक्षेप

**इकबाल मिर्ची की 700 करोड़ की संपत्ति अटैच**

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने दिवंगत गैंगस्टर इकबाल मिर्ची और उसके परिवार से जुड़े मामले में 700.27 करोड़ रुपये की संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की हैं। इनमें मुंबई के वर्ली स्थित तीन प्रमुख प्रॉपर्टी भी शामिल हैं। ईडी के मुताबिक, वर्ली की राबिया मेंशन, मरियम लॉज और सी व्यू नाम की संपत्तियों की कीमत करीब 497 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके अलावा दुबई में लगभग 203.27 करोड़ रुपये की विदेशी संपत्तियां भी अटैच की गई हैं।

**रुपया 96.35 प्रति डॉलर के निचले स्तर पर**

नई दिल्ली। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 54 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 96.35 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव से वैश्विक बाजार धारणा प्रभावित बनी हुई है। ये भी एक बड़ा कारण है। इसके अलावा कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत सहित उभरती अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव बढ़ा है। *एजेंसी*

*युद्ध के बीच बड़ी राहत*

## अमेरिका ने रूसी तेल खरीद पर 30 दिन और बढ़ाई छूट



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका ने युद्ध के बीच रूस से तेल खरीदने की समय सीमा को 30 दिन के लिए बढ़ा दिया है। इससे पहले भारत ने सोमवार को अमेरिका को दो टूक जवाब देते हुए कहा है कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि रूस पर अमेरिकी छूट के संदर्भ में मैं यह साफ कर देना चाहती हूं कि हम पहले भी रूस से तेल खरीदते रहे हैं, छूट से पहले भी, छूट के दौरान भी और आगे भी खरीदते रहेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारत के फैसले मुख्य रूप से व्यावसायिक दृष्टिकोण और बाजार में पर्याप्त आपूर्ति की उपलब्धता पर आधारित होते हैं। छूट लागू रहने या न रहने से तेल की उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**16 मई को समाप्त हो चुकी थी अवधि**

रूसी समुद्री मार्ग से कच्चे तेल की बिक्री और वितरण की अनुमति देने वाली अमेरिकी प्रतिबंधों की अस्थायी छूट 16 मई को समाप्त हो गई थी। अमेरिकी वित्त विभाग ने यह सामान्य लाइसेंस पहली बार मार्च के मध्य में जारी किया था और अप्रैल में इसका विस्तार किया था, ताकि ईरान-इजराइल तनाव के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजारों पर दबाव को कम किया जा सके।

**भारत तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक**

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक और उपभोक्ता होने के नाते, भारत ने घरेलू रिफाइनरियों को वैश्विक ऊर्जा लागत में बढ़ोतरी से बचाने के लिए रूस से किफायती दामों पर तेल की खरीद बढ़ाई है। हालांकि, फरवरी 2022 में यूक्रेन संकट के बाद अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस पर व्यापक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन रूसी तेल पर कोई प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) प्रतिबंध नहीं लगाया गया था।

## वीडी सतीशन केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने




मुख्यमंत्री ने पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता वीडी सतीशन सोमवार को केरलम के 13वें मुख्यमंत्री बने। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उनके अलावा पूरी कैबिनेट (20 मंत्रियों) को शपथ दिलाई। ऐसा 64 साल के बाद हुआ। इससे पहले राज्य के तीसरे कांग्रेसी मुख्यमंत्री रहे आर शंकर ने 1962 में पूरी कैबिनेट के साथ शपथ ली थी, लेकिन 1964 में अविश्वास प्रस्ताव के बाद उनकी सरकार गिर गई थी। कार्यक्रम में राहुल और प्रियंका गांधी भी मौजूद रहे। *(संबंधित खबर पेज-5 पर)*

## यूपी में सड़क हादसा, टीचर-इंजीनियर समेत 10 की मौत

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी में सोमवार सुबह 7.30 बजे मैजिक वाहन और ट्रक की टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई। ये सभी मैजिक वाहन में सवार थे। 9 लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि एक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। मृतकों में सरकारी टीचर और इंजीनियर भी शामिल हैं। हादसा जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर अदलीसपुर गांव के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मैजिक वाहन लखीमपुर से सिसैया की तरफ से जा रहा था। इसे बहराइच से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से टक्कर मारी।

- ट्रक ने मैजिक को मारी टक्कर
- कई लोग सीट के बीच में फंसे



## अब सासाराम में लगी ट्रेन की जनरल बोगी में आग

पटना। सासाराम में सासाराम-आरा-पटना पैसेंजर (ट्रेन नंबर 53212) में सोमवार को जनरल बोगी डी3 में अचानक आग लग गई। घटना के समय ट्रेन 6 नंबर प्लेटफॉर्म पर खड़ी थी। लोग अपनी जान बचाने के लिए जल्दबाजी में ट्रेन से उतरने लगे। कई यात्री अपना सामान छोड़कर प्लेटफॉर्म की ओर भागे। इससे पहले रविवार को त्रिवेंद्रम से हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) जा रही राजधानी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12431) में आग लगी थी।

## ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंध हटाने पर अमेरिका सहमत

**जंग खत्म करने के लिए फिर रखीं पांच शर्तें**

- समझौते के तहत पाक ने ईरान में 8000 सैनिक तैनात किए
- सऊदी उठा रहा खर्च

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका ने ईरानी तेल पर लगे प्रतिबंध हटाने पर सहमति जताई। ईरानी मीडिया ने इसका दावा किया है। वहीं अमेरिका ने शांति प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए पांच बड़ी शर्तें रखी हैं। ईरान की फार्स न्यूज एजेंसी ने यह दावा किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका ईरान को बमबारी से हुए नुकसान का कोई मुआवजा नहीं देगा। साथ ही उसने मांग की है कि ईरान अपने 400 किलोग्राम एनरिच्ड यूरेनियम को अमेरिका को सौंपे। अमेरिका की एक और शर्त यह बताई गई है कि ईरान में सिर्फ एक परमाणु सेंटर ही चालू रहना चाहिए। इसी बीच पाकिस्तान ने आठ हजार सैनिक, फाइटर जेट्स, एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किए हैं। यह तैनाती रक्षा समझौतों के तहत की गई है। पाकिस्तान इन्हें ऑपरेट कर रहा है, जबकि सऊदी अरब खर्च उठा रहा है। जरूरत पड़ने पर पाक और भी सैनिक भेजने को तैयार है।

## नीट केस में महाराष्ट्र की केमिस्ट्री कोचिंग का डायरेक्टर गिरफ्तार

- सीबीआई को फोन में लीक पेपर मिला
- अब तक 10 लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। नीट पेपर लीक केस में सोमवार को 10वीं गिरफ्तारी हुई। सीबीआई ने महाराष्ट्र के लातूर से केमिस्ट्री कोचिंग डायरेक्टर शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया। अधिकारियों के अनुसार, रविवार को सीबीआई की तलाशी के दौरान रघुनाथ के मोबाइल से नीट यूजी का लीक पेपर बरामद हुआ। सीबीआई के मुताबिक मोटेगांवकर संगठित गिरोह का हिस्सा है, जो नीट पेपर लीक कराने और आगे फैलाने में शामिल है। उसने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर 23 अप्रैल को ही पेपर और आंसर की हासिल की और कई लोगों को दी थी। सीबीआई ने 15 मई को मोटेगांवकर से उसके घर पर 8 घंटे पूछताछ की थी। मोटेगांवकर का लातूर समेत 7 जिलों में रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेस नाम का कोचिंग सेंटर है। रविवार को सीबीआई ने ऑफिस पर छापा भी मारा था।

### सीआईसी ने कहा-न ही यह सरकारी संस्था और न ही फंडिंग लेता है

## आरटीआई के दायरे में नहीं आता बीसीसीआई

नई दिल्ली *एजेंसी*। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण नहीं है, इसलिए वह पारदर्शिता कानून के तहत किसी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए बाध्य नहीं है। इसके साथ ही सीआईसी ने इस संबंध में 2018 का अपना ही आदेश पलट दिया। सूचना आयुक्त पी. आर. रमेश ने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई), यद्यपि क्रिकेट प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत के प्रतिनिधित्व से जुड़े महत्वपूर्ण सार्वजनिक कार्य करता है, फिर भी उसे 'सार्वजनिक प्राधिकरण' नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह न तो सरकार के स्वामित्व में है, न सरकार द्वारा नियंत्रित है और न ही सरकार द्वारा पर्याप्त रूप से वित्त-पोषित है।

### अपने ही आदेश को पलटकर सुनाया फैसला

**2018 में 'सार्वजनिक प्राधिकरण' माना था**




इस फैसले ने वर्ष 2018 के तत्कालीन सूचना आयुक्त एवं विधि के प्रख्यात प्रोफेसर एम. श्रीधर आचार्युलु के उस आदेश को पलट दिया, जिसमें उन्होंने बीसीसीआई को 'सार्वजनिक प्राधिकरण' माना था और इसके अध्यक्ष, सचिव तथा प्रशासकों की समिति को आरटीआई अधिनियम के तहत केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं प्रथम अपीलीय प्राधिकार नियुक्त करने का निर्देश दिया था। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने उस वक्त यह भी निर्देश दिया था कि बीसीसीआई सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम की धारा-4 के तहत स्वप्रेरित रूप से जानकारी सार्वजनिक करे तथा आरटीआई आवेदक को बिंदुवार उत्तर उपलब्ध कराए।

**आयोग ने अपील खारिज की**

सूचना आयुक्त रमेश ने अपने आदेश में कहा, "बीसीसीआई को आरटीआई अधिनियम की धारा 2(एच) के अर्थ में 'सार्वजनिक प्राधिकरण' के तौर पर वर्गीकृत नहीं किया जा सकता, इसलिए वर्तमान मामले की परिस्थितियों में आरटीआई अधिनियम के प्रावधान उस पर लागू नहीं होते हैं। इसके साथ ही, आयोग ने वह अपील खारिज कर दी जिसमें उन प्रावधानों और प्राधिकार के बारे में सूचना मांगी गई थी, जिसके तहत बीसीसीआई भारत का प्रतिनिधित्व करता है और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन करता है।

## 46.2 डिग्री पर सिरसा, उबला प्रदेश, अभी राहत की उम्मीद नहीं, आज 14 जिलों में चलेगी लू

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी है। सोमवार को गर्म हवाओं और तेज धूप ने लोगों को झुलसा कर रख दिया। आने वाले दिनों में भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। सोमवार को प्रदेश में सिरसा 46.2 के साथ सबसे गर्म रहा। हरियाणा में आने वाले दिनों में गर्मी और अधिक बढ़ने वाली है। भारत मौसम विज्ञान विभाग चंडीगढ़ केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, प्रदेश में मौसम फिलहाल शुष्क बना रहेगा और अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की



संभावना है। इसके बाद तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

**आज यहां चलेगी हीट वेव**

महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, झज्जर, गुरुग्राम, मेवात, पलवल, फरीदाबाद, रोहतक, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद, भिवानी और चरखी दादरी में 19 मई को अलग-अलग स्थानों पर हीट वेव चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

**पारा मीटर**

| स्थान | पारा | स्थान | पारा |
|---|---|---|---|
| सिरसा | 46.2 | झज्जर | 42.8 |
| रोहतक | 45.2 | गुरुग्राम | 42.7 |
| हिसार | 44.4 | रेवाड़ी | 42.7 |
| नारनौल | 44.3 | च.दादरी | 42.7 |
| भिवानी | 44.0 | करनाल | 42.5 |
| नूंह | 43.8 | पलवल | 42.2 |
| अंबाला | 43.0 | सोनीपत | 42.1 |

**45 पार के जवानों की नाकों से ड्यूटी हटाई**

हिसार रेंज के अंतर्गत हिसार, सिरसा, हांसी, जींद और डबवाली में 45 साल से ऊपर के जवानों की ड्यूटी अब नाकों पर नहीं लगेगी। भीषण गर्मी में एएसआई जगदीश चंद्र की मौत के बाद यह फैसला लिया गया है।

# 10 नई औद्योगिक नीतियों को मंजूरी, 5 लाख करोड़ निवेश और 10 लाख रोजगार का लक्ष्य

## कैबिनेट बैठक में लगी मुहर

## एआई, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेटा सेंटर और एग्री प्रोसेसिंग पर सरकार का फोकस

## स्थानीय युवाओं को नौकरी देने वाली इकाइयों को सब्सिडी देगी सरकार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में सोमवार को 10 बड़ी औद्योगिक नीतियों को मंजूरी दी गई। सरकार का दावा है कि इन नीतियों के जरिए अगले पांच वर्षों में प्रदेश में 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित होगा और 10 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सरकार ने इन नीतियों को विकसित भारत और मेक इन इंडिया के विजन के अनुरूप बताते हुए कहा कि इनसे हरियाणा को निवेश, विनिर्माण, डिजिटल तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेटा सेंटर, फार्मा और कृषि आधारित उद्योगों का बड़ा केंद्र बनाने की दिशा में तेजी मिलेगी।

### मेक इन हरियाणा नीति

मंत्रिमंडल ने 'मेक इन हरियाणा औद्योगिक नीति-2026' को मंजूरी दी, जो पुरानी औद्योगिक नीति का स्थान लेगी। नई नीति में प्रदेश के सभी क्षेत्रों को औद्योगिक प्रोत्साहन के दायरे में लाया गया है। इसके तहत पूंजीगत सब्सिडी, एसजीएसटी प्रतिपूर्ति, स्टाम्प ड्यूटी राहत और स्थानीय युवाओं को रोजगार देने पर विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। स्थानीय कर्मचारियों की भर्ती करने वाली इकाइयों को प्रति कर्मचारी प्रतिवर्ष 1 लाख रुपये तक रोजगार सृजन सहायता मिलेगी, जबकि महिलाओं, अनुसूचित जाति, दिव्यांगजन, अग्निवीर और पूर्व सैनिकों के लिए यह सहायता 1.20 लाख रुपये तक होगी। सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एवं विनिर्माण नीति-2026 को भी मंजूरी दी है। इसके तहत आईएमटी सोहना में 500 एकड़ क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर विकसित किया जाएगा। आईटी, आईटीईएस, एआई एवं उभरती प्रौद्योगिकी नीति के तहत गुरुग्राम में वैश्विक एआई केंद्र और पंचकूला में उन्नत कंप्यूटिंग सुविधा स्थापित की जाएगी। राज्य सरकार 50 हजार से अधिक युवाओं को नई तकनीकों में कौशल प्रशिक्षण देगी। डेटा सेंटर नीति-2026 के जरिए हरियाणा को क्लाउड कंप्यूटिंग, 5जी सेवाओं और डिजिटल अवसंरचना का प्रमुख केंद्र बनाने की तैयारी की गई है।

### फार्मा, खिलौना और ई-वेस्ट उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा

फार्मास्यूटिकल एवं मेडिकल डिवाइस नीति के तहत दवा और चिकित्सा उपकरण निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। वहीं टॉयज एवं स्पोर्ट्स इक्विपमेंट नीति के माध्यम से खिलौना और खेल उपकरण निर्माण, निर्यात और डिजाइन को प्रोत्साहित किया जाएगा। ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग नीति के तहत इलेक्ट्रॉनिक कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण और हरित रोजगार पर जोर दिया गया है।

### कृषि आधारित उद्योगों को भी मिलेगा लाभ

एग्री बिजनेस एवं एग्रो प्रोसेसिंग नीति के तहत फूड प्रोसेसिंग इकाइयों, कोल्ड चेन, फूड पार्क और पैकेजिंग इकाइयों को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार ने इस क्षेत्र में 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश और 30 हजार रोजगार का लक्ष्य रखा है। सरकार का कहना है कि नई नीतियों से हरियाणा में निवेश, रोजगार, निर्यात, तकनीकी नवाचार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

### मंत्रिमंडल की एफडीए विभाग में 1424 पदों को मंजूरी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) विभाग को मजबूत करने संबंधी रेशनलाइजेशन आयोग की सिफारिशों को मंजूरी दे दी गई। मंत्रिमंडल के फैसले के अनुसार विभाग में वर्तमान 582 स्वीकृत पदों की संख्या बढ़ाकर 1424 कर दी गई है। सरकार का कहना है कि इससे विभाग की कार्यक्षमता और प्रवर्तन क्षमता में बड़ा सुधार होगा। रेशनलाइजेशन आयोग ने विभाग के बढ़ते कार्यभार और नियामकीय जिम्मेदारियों का आकलन करने के बाद यह सिफारिश की थी।

# एचपीएससी भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी विपक्ष फैला रहा भ्रम : मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



**कांग्रेस-इनेलो का विरोध सिर्फ राजनीतिक स्टंट**

**हरियाणा के बच्चे अन्य राज्यों में नौकरी लग रहे**

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) की भर्तियों को लेकर कांग्रेस और इनेलो के विरोध को राजनीतिक स्टंट करार दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और युवाओं को केवल योग्यता के आधार पर नौकरी मिल रही है। सोमवार को हरियाणा सिविल सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और इनेलो ने अपने शासनकाल में कभी मेरिट को प्राथमिकता नहीं दी। उस समय युवाओं और उनके अभिभावकों का सरकार पर विश्वास खत्म हो गया था, लेकिन वर्तमान सरकार ने पारदर्शी भर्ती व्यवस्था लागू कर युवाओं का भरोसा बहाल किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हरियाणा के युवा संघ लोक सेवा आयोग सहित अन्य राज्यों में नौकरियां प्राप्त कर सकते हैं तो दूसरे राज्यों के युवा हरियाणा में नौकरी क्यों नहीं पा सकते। उन्होंने कहा कि यह संवैधानिक व्यवस्था है और किसी भी राज्य का युवा अपनी योग्यता के आधार पर कहीं भी नौकरी प्राप्त कर सकता है।

### भारत सहित दुनिया ऊर्जा संकट का सामना कर रही : नायब

ऊर्जा संकट पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य पूर्व में चल रहे तनाव के कारण पूरी दुनिया ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ऊर्जा बचत की अपील की है। इसके तहत लोगों से पैदल चलने, साइकिल और सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने भी सरकारी कार्यालयों में अधिक से अधिक बैठकें ऑनलाइन माध्यम से करने और जहां संभव हो, घर से कार्य प्रणाली अपनाने के निर्देश दिए हैं। महंगाई के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में महंगाई बेलगाम थी, जबकि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण पिछले साढ़े 11 वर्षों में महंगाई कम हुई है।


**उद्यान विभाग, हरियाणा**
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर (झज्जर)-124105
ई-मेल:coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर designer planters खरीदने हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर विभिन्न प्रकार के designer planters खरीदे जाने है। जिसका विवरण निम्नलिखित है:-

| Sr. No. | Item | Size | Specification | Qty. | Unit Rate | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Cylindrical shape pots with wheels at base | Top Dia x Bottom Dia x Height 12" x 12" x 10" | Material-LLDEP (Linear low density polyethylene High grade, durable, Virgin polymer. Other specification- UV-resistant, Crack resistant, Light weight, Smooth finishing, Premium textured Colour- white matte colour with speckled look | 25 | | |
| 2 | Cylindrical shape pots with wheels at base | Top Dia x Bottom Dia x Height 8" x 8" x 6" | | 40 | | |
| 3 | Cylindrical shape pots with wheels at base | Top Dia x Bottom Dia x Height 14" x 14" x 12" | | 4 | | |
| 4 | Conical shape pots with flat sides and with plates | Top Dia x Bottom Dia x Height 12" x 8" x 18" | | 10 | | |
| | | Round Plate size -10" | | 10 | | |
| 5 | Rectangular shape pots | Top (L x B)- 11"x 25" Bottom (L x B)- 11"x 25" Height-11" | | 20 | | |
| 6 | Oval shape pots | Top x Bottom Dia - 18"x 18" | | 2 | | |
| 7 | Oval shape pots | Top x Bottom Dia - 15"x 15" | | 3 | | |
| 8 | Conical shape pots | Top Dia x Bottom Dia x Height 13"x 9"x 20" | | 6 | | |
| | | Round Plate size-12" | | 6 | | |
| | | Total | | 126 | | |

इच्छुक फर्म अपने रेट मुहरबंद कुटेशन में दिनांक 26/05/2026 सांय 2 बजे तक पोस्ट / कुरियर या दस्ती तौर पर पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर) कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकते है। केन्द्र की आंकलन कमेटी के द्वारा आंकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ,
पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र,
मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/1101/2027/45292/88/6 दि. 18.05.26


## एजेएल प्लॉट केस में फिर बढ़ीं हुड्डा की मुश्किलें, ईडी की याचिका पर नोटिस

■ विशेष पीएमएलए कोर्ट के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती

चंडीगढ़। हरियाणा के बहुचर्चित एजेएल (एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड) प्लॉट आवंटन मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और अन्य आरोपितों की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती नजर आ रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पंचकूला की विशेष पीएमएलए अदालत द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग मामले की कार्यवाही बंद करने के आदेश को पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी है। ईडी की ओर से दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिका में 3 अप्रैल 2026 के आदेश को रद्द करने और उस पर तत्काल अंतरिम रोक लगाने की मांग की गई है। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति त्रिभुवन दहिया ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य आरोपितों को नोटिस जारी कर 8 जुलाई तक जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामला पंचकूला सेक्टर-6 स्थित प्लॉट नंबर सी-17 से जुड़ा है, जिसे वर्ष 2005 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौरान एजेएल को दोबारा आवंटित किया गया था। आरोप है कि यह बहुमूल्य भूखंड वर्ष 1982 की दरों के आधार पर करीब 91 रुपये प्रति वर्ग मीटर की कीमत पर दिया गया, जबकि उस समय बाजार मूल्य काफी अधिक था। जांच एजेंसियों का दावा है कि इससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ। इसी आधार पर ईडी ने वर्ष 2016 में केस दर्ज किया था।

## टावर ऑफ जस्टिस में देरी पर हाईकोर्ट नाराज

चंडीगढ़। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने गुरुग्राम के बहुप्रतीक्षित 'टावर ऑफ जस्टिस' परियोजना में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया है कि उत्तर गुरुग्राम स्थित न्यायिक परिसर का निर्माण कार्य 19 जून तक पूरा कर उसे जिला एवं सत्र न्यायाधीश को सौंप दिया जाए। मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति संजीव बेरी की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि यदि तय समय सीमा का पालन नहीं हुआ तो राज्य के मुख्य सचिव और संबंधित इंजीनियर-इन-चीफ के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। हाईकोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस 55 अदालत कक्षों वाले इस न्यायिक परिसर की परियोजना पिछले 10 वर्षों से अधूरी पड़ी है। पहले अदालत ने 15 मई तक काम पूरा करने का निर्देश दिया था, लेकिन राज्य सरकार ने 30 जून तक परियोजना पूरी करने का आश्वासन दिया।


HP COTTON
TEXTILE MILLS LTD

**एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड**
(CIN: L18101HR1981PLC012274)
पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044
Website: www.hpthreads.com E-mail: info@hpthreads.com
Tel: +91 11 41540471/72/73, Fax: +91 11 49073410

**31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण**

कम्पनी के निदेशक मण्डल ने 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु कम्पनी के अंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों को 18 मई 2026 को आयोजित उनकी बैठक में अनुमोदित कर दिया।
अंकेक्षकों की रिपोर्ट सहित परिणाम कम्पनी की वेबसाइट पर https://www.hpthreads.com/financial-results.php पर डाल दिये गये हैं और क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे जा सकते हैं।

कृते एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
राघव कुमार अग्रवाल
पूर्ण-कालिक निदेशक, सीईओ एवं सीएफओ
डीआईएन : 02836610

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 18 मई 2026

*टिप्पणी : उपरोक्त जानकारी सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47(1) के साथ पठित नियमन 33 के अनुसार है।*


## हेपेटाइटिस-बी व सी की रिपोर्टिंग के लिए पोर्टल लॉन्च

■ स्क्रीनिंग, जांच और इलाज नि:शुल्क होगा
■ महिलाएं जांच अवश्य करवाएं आरती राव

चंडीगढ़। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने राज्य की सभी गर्भवती महिलाओं से हेपेटाइटिस-बी की जांच करवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला जांच में पॉजिटिव पाई जाती है तो उसकी डिलीवरी ऐसे जिला अस्पताल में करवाई जानी चाहिए, जहां नवजात की सुरक्षा के लिए हेपेटाइटिस-बी इम्यून ग्लोबुलिन और हेपेटाइटिस-बी टीका उपलब्ध हो। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि प्रदेश में हेपेटाइटिस-बी और सी के मामलों की रिपोर्टिंग के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है। साथ ही पूरे राज्य में स्क्रीनिंग, जांच और इलाज की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हेपेटाइटिस-बी और सी को अधिसूचित रोग घोषित किया हुआ है।

## श्रममित्र एप से डिजिटल होगा लेबर चौक सिस्टम : विज


चंडीगढ़। श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में श्रमिकों और नियोक्ताओं को आधुनिक डिजिटल सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा श्रममित्र नामक मोबाइल एप तैयार किया गया है। इस एप की लॉन्चिंग जल्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह एप पारंपरिक लेबर चौक व्यवस्था को डिजिटल प्लेटफॉर्म में बदलने की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। अब श्रमिकों को काम की तलाश में रोजाना लेबर चौक पर खड़े रहने की जरूरत नहीं होगी। वे घर बैठे मोबाइल फोन के माध्यम से अपनी योग्यता और अनुभव के अनुसार रोजगार के अवसर देख सकेंगे और आवेदन भी कर सकेंगे।

## जेलों में मानवाधिकार संरक्षण और सुधारों पर आयोग ने किया मंथन

चंडीगढ़। हरियाणा मानवाधिकार आयोग द्वारा राज्य की जेलों में बंद कैदियों के मानवाधिकार संरक्षण और जेल सुधारों को लेकर एक परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्रा ने की। बैठक में आयोग के सदस्य (न्यायिक) कुलदीप जैन तथा सदस्य दीप भाटिया सहित आयोग और कारागार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। हरियाणा कारागार विभाग की ओर से महानिदेशक आलोक मित्तल ने प्रतिनिधित्व किया। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में पैरोल प्रबंधन, जेलों के कंप्यूटरीकरण, कैदियों की स्वास्थ्य सेवाएं, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, पुनर्वास, जेल अवसंरचना, निगरानी प्रणाली और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 84 दिनांक 15.05.26 धारा 127 (6) BNSS
थाना आर्य नगर जिला रोहतक ।



**गुमशुदा की पहचान बारे**
**नाम** – सुमित
**पिता/पति का नाम** – अशोक कुमार
**पता**- निवासी जगदीश कालोनी रोहतक
**उम्र**- 32 वर्ष
**कद**- 5 फुट 7ईंच ।
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हल्का फुतीला शरीर।
**पहनावा** - जो नीली जीन्स व चैकदार शर्ट पहने हुए है

दिनांक 13.05.26 को सुमित S/O अशोक कुमार निवास जगदीश कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक- 7082999118
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 90 दिनांक 17.05.26 धारा 127 (6) BNS
थाना लाखन माजरा जिला रोहतक ।



**गुमशुदा की पहचान बारे**
**नाम** – राजेन्द्र
**पिता/पति का नाम** – तेलुराम
**पता**- निवासी बैन्सी जिला रोहतक
**उम्र**- 43 वर्ष
**कद**- 5 फुट 5ईंच ।
**हुलिया** - रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, मजबुत शरीर व बांए पैर के पंजे की बीच वाली अंगुली कटी हुई है
दिनांक 24.11.25 को – राजेन्द्र
पिता/पति का नाम – तेलुराम
पता - निवासी बैन्सी जिला रोहतक
बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
1. प्रबन्धक थाना लाखन माजरा रोहतक - 7082999128
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894
3. अनुसंधान कता - 9467684929

पीआरडीएच-1084/11/4826/2027/45296/88/6 दि. 18.05.26


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन अहमदपुर रोड सिरसा को बचाने के लिए चारदिवारी और सम्बद्ध सिविल कार्यों का निर्माण। एनआईटी सं. 03/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 08.05.2026 पुनर्निविदा। | 11.05.2026 21.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 67.70 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन नेहला (फतेहाबाद) को बचाने के लिए चारदिवारी और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का निर्माण। एनआईटी सं. 08/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 08.05.2026 पुनर्निविदा। | 11.05.2026 21.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 59.12 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन बरवाला (हिसार) की गिरी हुई चारदिवारी और सम्बद्ध कार्यों का पुनर्निर्माण। एनआईटी सं. 09/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 12.05.2026. | 11.05.2026 21.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 70.08 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 4 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन गोरखपुर (फतेहाबाद) को बचाने के लिए आईपीबी पथ और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का निर्माण। एनआईटी सं. 16/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 14.05.2026. | 15.05.2026 21.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 49.24 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 5 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन पिरथला (फतेहाबाद) को बचाने के लिए चारदिवारी और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का पुनर्निर्माण। एनआईटी सं. 17/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 14.05.2026. | 15.05.2026 25.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 78.02 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 6 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन रायपुर ढाणी (फतेहाबाद) को बचाने के लिए चारदिवारी और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का पुनर्निर्माण। एनआईटी सं. 18/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 14.05.2026. | 15.05.2026 25.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 67.74 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 7 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन बेहबलपुर (फतेहाबाद) को बचाने के लिए चारदिवारी और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का पुनर्निर्माण। एनआईटी सं. 19/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 14.05.2026. | 15.05.2026 25.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 83.36 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |
| 8 | डीएचबीवीएन | बाढ़ के पानी से 33 केवी सब स्टेशन मेहमरा (फतेहाबाद) को बचाने के लिए चारदिवारी और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्यों का पुनर्निर्माण। एनआईटी सं. 20/एक्सईएन/सिविल/एचएसआर/2026-27 दिनांक 14.05.2026. | 15.05.2026 25.05.2026 | अनुमानित लागत (जीएसटी के बिना) रु. 60.30 लाख | www.dhbvn.org.in | 9813045911 xencivilhsr@dhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/200/45310/I/88/6 दि. 18.05.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी में नये लघु सचिवालय का निर्माण (विद्युत लाइन की शिफ्टिंग)। | 15.05.2026 21.05.2026 | 55.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में हिसार-राजगढ़ रोड और सदर्न बाईपास (रोड आईडी 10202) (लघु सचिवालय की साइड) के इंटरसेक्शन पर स्लिप रोड्स के निर्माण द्वारा जंक्शन का सुधार (एसडीओ ओपी सिविल लाइन डीएचबीवीएन हिसार के तहत एचटी/एलटी लाइंस की शिफ्टिंग का प्रावधान) | 15.05.2026 26.05.2026 | 13.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल ब्लॉक में लिफ्ट (15 यात्री लिफ्ट) का प्रावधान। | 15.05.2026 25.05.2026 | 18.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में बस स्टैंड से बुगाना से रेलवे स्टेशन बुगाना तक नये रोड का निर्माण (माननीय पीडब्ल्यूएम हरियाणा द्वारा इच्छित अनुसार) (जीएसटी के बिना)। | 15.05.2026 25.05.2026 | 216.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8053857200 xenpwdhansi@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | गांव खरावड़ में ब्राह्मण चौपाल का पुनरोद्धार (डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा का विवेकाधीन अनुदान) गांव खरावड़ में ब्राह्मण चौपाल का पुनरोद्धार (डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा का विवेकाधीन अनुदान)। | 14.05.2026 20.05.2026 | 4.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262298161 zprohtak@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज पानीपत | गांव राकसेरा मोड से भगतराम और रतीराम के खेत तक किनारे पर ईंट रास्ता का निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 4 कार्य। | 15.05.2026 21.05.2026 | 113.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 7 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | पाटली डाबर :- गांव पाटली डाबर में अनुमोदित एनआईटी के अनुरूप सभी प्रकार से पूर्ण 12 माह के दौरान त्रुटि जिम्मेवारी अवधि और 3 माह के ट्रायल रन अवधि के पश्चात 5 वर्ष की अवधि के लिए (इसका खर्च वार्षिक रखरखाव आकलन में शामिल किया जाएगा) अनुसूची-IV के अनुरूप पीएचईडी द्वारा आपूर्ति की गई डिसइन्फेक्शन मैटीरियल, गांव में पूर्ण मौजूदा जलापूर्ति प्रणाली का और डीएनआईटी में वर्णित कार्य के लिए पूर्ण क्षेत्र हेतु जलघरों के प्रचालन और रखरखाव और जलघर, बूस्टिंग स्टेशन, सम्प वैल का ओ एवं एम, पाटली डाबर और डींग मोड पर वितरण पाइप लाइन, गांव पाटली डाबर में पूर्ण बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और पम्पिंग मशीनरी आरडब्ल्यूएएनडीसी डब्ल्यू-2 सैट्स, पी.सी.-1 अदद, आरसीसी सीडब्ल्यूटी आकार 10.75×7.40×2.4 एम-2 अदद, डब्ल्यूटीपी 1 एमएलडी-1 अदद, आरडब्ल्यू और सीडब्ल्यू सक्शन वैल 2 अदद, एस/एस टैंक औसत आकार 54.27×75.95× 3.66 एम-2 अदद, जैन. सैट 1 अदद, पम्पिंग मशीनरी 1 सैट 350 मिमी डाया डी.आई. राइजिंग मेन, पीसी-1 अदद, सम्प वैल आकार 7.60×5.10×3.05 एम-1 अदद का निर्माण। | 15.05.2026 04.06.2026 | 762.17 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@gmail.com |
| 8 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मण्डी डबवाली | मण्डी डबवाली :- नई अनुमोदित कॉलोनी में हॉरिजंटल डायरेक्शनल ड्रीलिंग (एचडीडी) मैथ्ड (ट्रेंचलैस सीवरेज सिस्टम) द्वारा एचडीपीई पाइप लाइन का प्रावधान व स्थापना समेत सभी सहायक और उनसे सम्बन्धित कार्य। सीएच. हैड :- मण्डी डबवाली :- नई अनुमोदित कॉलोनी में सीवरेज सिस्टम का प्रावधान और डबवाली कस्बा जिला सिरसा में उत्तम नगर में आईपीएस का निर्माण। | 15.05.2026 01.06.2026 | 61.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 9 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार में सामान्य औषधि विभाग के लिए इंजेक्शन हैपेटाइटिस-ए वैक्सिन की खरीद हेतु निविदा। | 20.05.2026 01.06.2026 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 10 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार में डीजल जनरेटर (डीजी) सैट्स समेत विद्युत, अग्निशमन सेवाओं के लिए व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु निविदा। | 20.05.2026 08.06.2026 | ईएमडी 4.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 11 | नागरिक हस्पताल, पंचकूला | डाइट, मुद्रण, लेखन सामग्री मदें और औषधि, कंज्यूमेबल्स, डेंटल और लैब मदें।" | 20.05.2026 04.06.2026 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 12 | मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | क्रॉकरी मदों की आवश्यकता। | 16.05.2026 29.05.2026 | 3 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 13 | मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | स्वीमिंग पूल को भरना और रखरखाव। | 15.05.2026 22.05.2026 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |
| 14 | मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई, सोनीपत | नाई मोची दर्जी। | 16.05.2026 23.05.2026 | 7 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708859410 mnssrai@rediffmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/280/45307/I/88/6 दि. 18.05.26

## खबर संक्षेप

### साढ़े 66 हजार की नकली करेंसी के साथ सप्लायर काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने गांव बागड़ू कलां के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से साढ़े 66 हजार रुपये नकली भारतीय करेंसी बरामद की है। आरोपित नकली नोटों की सप्लाई करने के लिए गांव बागडू कलां आ रहा था। आरोपित को अदालत ने दो दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। सीआईए स्टाफ ने सूचना पर गांव बागड़ू कलां से सरफाबाद जाने वाली सड़क पर छापा मारकर रोहतक के गांव सांघी निवासी रितेश उर्फ देवा को काबू किया। उसके पास से 500-500 रुपये के 66 हजार रुपये के नकली नोट मिले। नोटों में प्रयोग किया कागज मोटा था। रितेश नोट स्पलाई करने के लिए अपना मामा के गांव बागड़ू कलां आ रहा था।

### गुरुग्राम में बदमाश की प्रॉपर्टी पर चला बुलडोजर

**गुरुग्राम।** पुलिस और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने गांव बादशाहपुर में एक अपराधी इंद्रजीत द्वारा अवैध रूप से बनाए गए मकान को बुलडोजर से गिरा दिया। इस कार्रवाई के बाद कब्जा की गई सरकारी जमीन को दोबारा उसके मूल स्वरूप में बहाल की गई। आरोपी इंद्रजीत गांव बादशाहपुर का मूल निवासी है। आरोपी इंद्रजीत का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। वह इलाके में अवैध वसूली (रंगदारी) और एक्सप्लोसिव एक्ट (विस्फोटक अधिनियम) जैसी कई गंभीर और संवेदनशील आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है।

### 15वीं मंजिल से गिरकर बैंक मैनेजर की मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-52 स्थित सुशांत इस्टेट सोसाइटी की 12वीं मंजिल से गिरकर जेएंडके बैंक के असिस्टेंट मैनेजर आदिल अहमद की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, आदिल अहमद एक गीले मैट को सुखाने के लिए 15वीं मंजिल पर गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गए। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में यह एक हादसा प्रतीत हो रहा है।

## एक दिन पहले घरौंडा में शिवकथा सुनकर लौटे दंपति ने दी जान

# असंध से स्कूटी पर 60 किमी दूर पानीपत पहुंच बुजुर्ग दंपति ने नहर में लगाई छलांग



देर रात परिवार को बिना कुछ बताए घर से निकले, परिवार को सुबह पता चला स्कूटी पर ही चप्पल और बैग रखकर नहर में उतरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

असंध निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग आढ़ती अपनी पत्नी के साथ सोमवार देररात चुपके से स्कूटी पर करीब 60 किलोमीटर दूर पानीपत के इसराना थाना पुलिस क्षेत्र के सिवाह नहर पुल के पास पहुंचे। दंपति ने यहां स्कूटी खड़ी की और नहर में छलांग लगा दी। सूचना पर गोताखोरों की टीम ने तलाश करने के बाद महिला के शव को करीब 20 किलोमीटर दूर खुबडू झाल के पास से निकाल लिया, जबकि पति की तलाश जारी है। परिजनों का कहना है कि दंपति ने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह उनकी समझ से भी बाहर है। घर और व्यापार दोनों जगह सबकुछ ठीक चल रहा था तो सुसाइड की बात सही नहीं लग रही। अब पुलिस जांच के बाद ही कुछ सच्चाई सामने आ सकती है। जानकारी के अनुसार, असंध की अनाज मंडी में आढ़ती की दुकान चलाने वाले मुरारी लाल और उनकी पत्नी कमलेश अपनी स्कूटी लेकर घर से बिना बताए ही रविवार रात को परिवार को सोते हुए छोड़कर निकले। जब सुबह-सुबह सैर करने के लिए लोग सिवाह नहर पुल पर टहल रहे थे तब दोनों ने नहर में छलांग लगा दी। लोगों को स्कूटी पर चप्पल व बैग रखा मिला। राहगीर ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

बताया जा रहा है घटना से एक दिन पहले दोनों पति-पत्नी घरौंडा में चल रही शिव महापुराण कथा को भी सुनने गए थे, जो देर शाम घर आ गए, परन्तु दोनों विचलित थे। रात को परिवार को बिना बताए ही स्कूटी लेकर घर से निकले और सिवाह नहर पुल पर सुबह लगभग 5 बजे के करीब नहर में छलांग लगा दी। जो असंध से 60 किलोमीटर दूर है। पुलिस दंपति के आत्महत्या के कारणों को जानने में जुटी है। वहीं, थाना प्रभारी हरि राम ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि सिवाह पुल के पास नहर में पति-पत्नी की नहर में डूबने से मौत हो गई है। डीएसपी आत्मा राम भी मौके पर पहुंचे। गोताखोरों की मदद से पति-पत्नी की तलाश जारी है।

### बेटा बोला-हमें नहीं लग रहा यह सुसाइड है, कोई कह रहा-वे पूजा कर रहे थे

कारोबारी के भाई ने बताया कि सुबह जब मुरारी लाल के बच्चे मॉर्निंग वॉक के लिए उठे तो उन्होंने देखा कि घर में स्कूटी नहीं खड़ी। इसके बाद घर में मम्मी-पापा भी नहीं मिले। तब उन दोनों की तलाश शुरू की तो कुछ देर बाद सूचना मिली कि उनकी स्कूटी पानीपत में नहर किनारे खड़ी है। सूचना मिलने पर पानीपत पहुंचे मुरारी लाल के बेटे गौरव ने बताया कि माता-पिता के घर से निकलने और यहां पहुंचने तक की कोई जानकारी उन्हें नहीं है। न ही दोनों में किसी प्रकार की कोई परेशानी थी। उनका व्यापार भी बहुत अच्छा चल रहा है। कोई टेंशन नहीं थी। गौरव सिंगला ने बताया कि कुछ लोग यहां कह रहे हैं कि ये लोग पूजा कर रहे थे। दोनों ने चप्पल भी स्कूटी पर उतारी। सुसाइड करने वालों को इतना होश नहीं रहता। हमें ये सुसाइड नहीं लग रहा।

### एचपीएससी के खिलाफ 20 को प्रदर्शन : दिग्विजय

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज हरियाणा की जनता के टैक्स से चलने वाला हरियाणा लोक सेवा आयोग दूसरे राज्यों के युवाओं को रोजगार देने में लगा हुआ है और इस गंभीर मुद्दे पर भाजपा सरकार चुप्पी साधे बैठी है। उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियों के 90 प्रतिशत पदों को रिक्त रखा जाता है और बाकी बचे अधिकतर पदों पर बाहरी राज्यों के उम्मीदवारों का चयन कर दिया जाता है। दिग्विजय ने कहा कि पिछले कई महीनों से एचपीएससी के विरोध में अभ्यर्थी आवाज उठा रहे हैं और अभ्यर्थियों द्वारा 20 मई को पंचकूला में विरोध प्रदर्शन की घोषणा की गई है। दिग्विजय ने आह्वान किया कि सभी राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों को इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होना चाहिए और हरियाणा के युवाओं का भविष्य बचाने के लिए हम सबको संगठित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जेजेपी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन का पूरा समर्थन करती है और हम इस प्रदर्शन में प्रमुखता से शामिल होंगे। सोमवार को दिग्विजय चौटाला सिरसा में पत्रकारों से रूबरू थे।

## भर्ती में धांधली के लगाए गंभीर आरोप

# एचपीएससी कार्यालय के बाहर इनेलो का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

इनेलो नेताओं ने सरकारी नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया में धांधली, योग्य होते हुए भी अयोग्य घोषित किए जाने और ग्रुप बी की नौकरियों में 90 प्रतिशत बाहर के भाजपा शासित प्रदेशों के लोगों की भर्ती किए जाने और हरियाणा के योग्य युवाओं की अनदेखी किए जाने पर पंचकूला स्थित हरियाणा लोक सेवा आयोग के कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान इनेलो राष्ट्रीय संरक्षक प्रो. संपत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती, राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद लोहान, विधायक आदित्य देवीलाल, युवा राष्ट्रीय प्रभारी करण चौटाला, विधायक अर्जुन चौटाला और प्रदेश प्रधान महासचिव गौरव संपत सिंह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सतबीर सैनी, युवा प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गोस्वामी, आईएसओ के प्रदेश अध्यक्ष साहिल दीप कस्वां समेत कई पूर्व विधायक और पदाधिकारी मौजूद रहे।

चौधरी अभय सिंह चौटाला ने कहा कि बीजेपी सरकार दावा करती है कि बिना पर्ची बिना खर्ची के सरकारी नौकरियों की भर्ती एचपीएससी द्वारा की जा रही हैं जो सरासर झूठ का पुलिंदा है। किस तरह से हरियाणा से बाहर के भाजपा शासित प्रदेशों के लोगों को लाकर के यहां भर्ती किया जा रहा है और हमारे बच्चे जो पीएचडी, नेट पास, एमए, एमफिल, एमटेक हैं उनको चपड़ासी के पद पर लगाया जा रहा है।

# महेंद्रगढ़ में नहर में डूबने से दो दोस्तों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव पाथेड़ा निवासी दो दोस्तों की नहर में डूबने से मौत हो गई। दोनों युवक रविवार शाम को खेतों में घूमने गए थे। देर शाम घर पर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने खोज की, लेकिन सोमवार सुबह दोनों के शव पाथेड़ा से गांव धनौंदा के बीच बने पुल के पास नहर में उतरते दिखे। पुलिस ने परिजनों के बयान पर शवों का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करा उन्हें सौंप दिया।

गांव पाथेड़ा निवासी वीरेंद्र ने बताया कि उसका 34 वर्षीय भाई हेमराज व उसका दोस्त 34 वर्षीय रविंद्र उर्फ बजरंग रविवार शाम को खेतों में घूमने की बात कहते हुए घर से निकले थे और देर रात तक घर नहीं पहुंचे। तलाश करने पर सोमवार को धनौंदा पुल के पास नहर में शव मिले। ग्रामीणों ने देखा तो मृतक रविंद्र के कपड़े व चप्पल नहर के किनारे रखे थे। वहीं, हेमराज का शव कपड़ों सहित नहर में मिला। पुलिस की जांच में दोनों की नहर में डूबने से मौत की बात सामने आई है। दोनों बचपन के दोस्त थे तथा खेती व मजदूरी का काम कर परिवार का गुजर बसर करते थे। मृतक रविंद्र के 15 वर्ष का एक लड़का व 10 साल की एक बेटी है। वहीं हेमराज के नौ व 13 साल के दो लड़के हैं।

### तैरना नहीं जानते थे

ग्रामीणों के अनुसार, रविंद्र व हेमराज दोनों को ही तैरना नहीं आता था। हो सकता है कि जब रविंद्र डूबने लगा तो हेमराज ने भी छलांग लगाकर अपने दोस्त को बचाने का प्रयास किया होगा, लेकिन करीब दस फुट पानी होने के कारण दोनों डूब गए। इससे गांव में शोक की लहर है।

### खेत में बिजली का खंभा गिरने से युवक की करंट से मौत

**यमुनानगर।** साढौरा थाना क्षेत्र के गांव सरांवा में खेतों में घास लेने गए युवक पर अचानक बिजली का खंभा गिर गया। इस कारण युवक की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जगाधरी सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। मृतक के परिजनों ने बिजली निगम के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। मृतक के चचेरे भाई कादिर ने बताया कि उसके ताऊ का लड़का 22 वर्षीय इरफान अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें हैं। सुबह करीब 11 बजे इरफान खेत में घास लेने के लिए साइकिल पर गया था। उसने खेत के बाहर साइकिल खड़ी की और अंदर जाकर घास काटने लगा। इसी दौरान खेत में लगा बिजली का खंभा अचानक नीचे गिर गया। खंभा गिरते ही तारें इरफान के ऊपर आ गिरी और वह करंट की चपेट में आ गया।

## इंडस कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रा की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि

# सान्या का शोध इंटरनेशनल जरनल में छपा डिजाइन को यूके में मिला रजिस्ट्रेशन

- यह नवाचार नर्सिंग अधिकारियों के लिए सुविधा, कार्यकुशलता और कार्यस्थल उपयोगिता बढ़ाने की दिशा में लाभकारी सिद्ध हो सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



इंडस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, खांडा खेड़ी, हांसी की छात्रा सान्या ने अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक, शोध एवं नवाचार क्षमता के माध्यम से संस्थान को गौरवान्वित किया है। उनका शोध लेख इंटरनेशनल जरनल ऑफ नर्सिंग एंड हेल्थ साइंस में प्रकाशित हुआ है। वहीं, नर्सिंग अधिकारियों के लिए सुविधा, कार्यकुशलता और कार्यस्थल उपयोगिता बढ़ाने की दिशा में उनके डिज़ाइन को यूके पेटेंट डिज़ाइन रजिस्ट्रेशन प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि नर्सिंग और स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में सान्या के महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाती है। साथ ही, यूके डिज़ाइन रजिस्ट्रेशन को बौद्धिक संपदा संरक्षण के दायरे में मान्यता प्रदान करता है, जिससे मौलिक डिज़ाइन को औपचारिक सुरक्षा मिलती है।

कॉलेज प्रबंधन के अनुसार, छात्रा सान्या की यह सफलता इस बात का प्रेरक उदाहरण है कि नर्सिंग विद्यार्थी शोध, रचनात्मकता और व्यावहारिक सोच के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं में उपयोगी योगदान दे सकते हैं। प्राचार्य डॉ. नवदीप ने कहा कि सान्या की यह उपलब्धि इंडस कॉलेज ऑफ नर्सिंग के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। अंतरराष्ट्रीय जर्नल में शोध प्रकाशन और यूके डिज़ाइन रजिस्ट्रेशन उनकी मेहनत, प्रतिभा और नवाचारी सोच का प्रमाण है। यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों को प्रेरित करेगी तथा नर्सिंग अधिकारियों के लिए वैश्विक स्तर पर उपयोगी सिद्ध हो सकती है। उपलब्धि पर संस्थान की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु, निदेशक सुभाष श्योराण और प्रशासक मंदीप सिंधु ने छात्रा सान्या और प्राचार्य डॉ. नवदीप को शुभकामनाएं दी।

### सुहागरात पर पत्नी से झगड़े के बाद सुसाइड

**पलवल।** एक युवक ने शादी के अगले ही दिन ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड कर लिया। युवक का सुहागरात पर पत्नी के साथ झगड़ा हुआ था। आरोप है कि इसके बाद दुल्हन के मामा के बेटे व अन्य युवकों ने उसे फोन कर धमकाया। इस बात से युवक मानसिक तनाव में आ गया। वह घरवालों को बिना बताए होडल रेलवे स्टेशन के पास पहुंचा और सुसाइड कर लिया। राजकीय रेलवे पुलिस फरीदाबाद ने युवक के भाई की शिकायत पर मृतक की पत्नी और चार अन्य युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। मृतक की पहचान पलवल के वली मोहम्मदपुर उर्फ लहरपुर गांव निवासी ओमप्रकाश के रूप में हुई है। भाई जयभगवान ने बताया कि ओमप्रकाश एक निजी स्कूल में साइंस टीचर था। उसकी शादी 29 अप्रैल को उत्तरप्रदेश निवासी भूमिका के साथ हुई थी। शादी की पहली रात पर ही पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया।

### जेवर बनाने को दिया 22 लाख रुपये का सोना लेकर कारीगर फरार

**अंबाला।** अंबाला शहर के सर्राफा बाजार के श्री राम ज्वेलर्स से कारीगर करीब 22 लाख रुपये का 150 ग्राम खरा 24 कैरेट सोना चुराकर भाग गए। जब मालिक ने फोन पर संपर्क किया तो आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। आरोपी नीरज की पत्नी उमा ने भी धमकी दी कि उनके गांव यूपी के उन्नाव गंगाखेड़ा आकर दिखाएं जिंदा वापस नहीं जाएगा। अंबाला शहर थाना पुलिस ने आरोपी नीरज कुमार व ध्रुव कुमार उर्फ राहुल पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मेहरवालां चौक के पीड़ित बिस्वजीत पातरा का आरोप है कि इस वारदात को अंजाम देने के लिए आरोपियों के साले, मामा, चाचा के लड़के व पत्नी ने मिलकर एक सोची-समझी आपराधिक साजिश रची थी। यह पूरी वारदात दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। ये कारीगर पिछले 5-6 वर्षों से काम कर रहे थे। इन दोनों को तस्वीरों वाली गली के कंदई लाल और नीरज के सगे मामा राजपाल उर्फ सूरजपाल ने गारंटी लेकर काम पर रखवाया था। 15 जनवरी 2026 को 73.800 ग्राम सोना नीरज और 75.900 ग्राम ध्रुव को दिया था। 18 जनवरी को दोनों कारीगर दुकान से गायब मिले थे व फोन भी बंद कर दिए थे।

## विधान सभा समितियों को प्रभावशाली और जनकेंद्रित बनाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को विधान सभा की समितियों के चेयरपर्सन्स के साथ बैठक की। बैठक में समितियों को और अधिक प्रभावशाली तथा जनकेंद्रित बनाने पर जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि समितियों की बैठकों से पहले एजेंडे पर एडवांस योजना बनाएं। एजेंडे पर एडवांस योजना तैयार करने के बाद बैठक के लिए एडवांस तैयारी करें। इस दौरान उन्होंने बैठकों के बाद प्रभावी रिपोर्टिंग व समितियों द्वारा दी जाने वाली सिफारिशों पर प्रभावी फालोअप करने पर भी जोर दिया। बैठक में विधान सभा उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, चौ. आफताब अहमद, प्रमोद कुमार विज, राम कुमार गौतम, भगवान दास, भारत भूषण बत्तरा, कृष्णा गहलावत, विनोद भ्याणा, मूलचंद शर्मा, लक्ष्मण सिंह यादव, राम कुमार कश्यप, मनमोहन भड़ाना, घनश्याम दास, शक्ति रानी शर्मा मौजूद रहे।

# गुरुग्राम सीपी बने शिवास कविराज विकास अरोड़ा को भेजा गया पंचकूला

- 17 आईपीएस और 3 एचपीएस अधिकारियों के तबादले एवं नियुक्तियों के आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने रविवार देर रात 17 आईपीएस और 3 एचपीएस अधिकारियों के तबादले एवं नियुक्तियों के आदेश जारी किए। आईपीएस चारु बाली को एडीजीपी भोंडसी पुलिस कॉम्प्लेक्स, गुरुग्राम नियुक्त किया गया है। डॉ. मट्टा रवि किरण को एडीजीपी एसवी एवं एसीबी हरियाणा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हिसार रेंज के एडीजीपी केके राव को एडीजीपी आरटीसी भोंडसी लगाया गया है। गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा को एडीजीपी प्रशासन, मुख्यालय पंचकूला नियुक्त किया गया है, जबकि पंचकूला के पुलिस आयुक्त शिवास कविराज को गुरुग्राम का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया है। आईजी एससीबी हरियाणा राकेश कुमार आर्य को आईजी क्राइम ब्रांच हरियाणा की जिम्मेदारी दी गई है। आईजी एचएपी मधुबन ओम प्रकाश को आईजी साउथ रेंज रेवाड़ी लगाया गया है। वहीं आईजी साउथ रेंज नाजनीन भसीन को आईजी एचएपी मधुबन के साथ-साथ आईजी आरटीसी भोंडसी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है।

### डीआईजी सीआईडी बने सुरेंद्र पाल

आईजीपी एचएसएनबी कुलदीप सिंह को हिसार रेंज का आईजी बनाया गया है। डीआईजी एससीबी हमीद अख्तर को डीआईजी एचएपी मधुबन भेजा गया है, जबकि सुरेंद्र पाल सिंह को डीआईजी सीआईडी नियुक्त किया गया है। राजेंद्र मीणा को सोनीपत में एचएसएनसीबी के डीआईजी के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। मनबीर सिंह को रोहतक में एचएसएनसीबी के डीआईजी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। सुरिंदर सिंह भौरिया को एसपी एसटीएफ पंचकूला नियुक्त किया गया है। अदिति सिंह को एसपी एसवी एंड एसीबी गुरुग्राम, सिद्धार्थ ढांडा को एसपी स्टेट क्राइम ब्रांच हरियाणा और पूजा डाबला को एसपी ईआरएसएस पंचकूला नियुक्त किया गया है।

### बुजुर्ग को किया 17 घंटे डिजिटल अरेस्ट, 31 लाख 25 हजार रुपये ऐंठने पर दो गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना साइबर क्राइम भिवानी पुलिस ने सीबीआई अधिकारी बनकर एक वृद्ध व्यक्ति से लाखों रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के मामले में दो आरोपियों को यूपी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। डीसी कॉलोनी भिवानी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि नौ जून को उनके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताया। आरोपी ने शिकायतकर्ता को कहा कि उनके आधार कार्ड पर एक सिम जारी हुई है, जिसका इस्तेमाल आपराधिक गतिविधियों में किया गया है। अगले दिन आरोपियों ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल के जरिए शिकायतकर्ता से उनके बैंक खातों, एफडी तथा परिवार के सदस्यों के बारे में जानकारी हासिल की। दस जून को आरोपियों ने शिकायतकर्ता की व्हाट्सएप वीडियो कॉल के माध्यम से फर्जी पेशी करवाई, जिसमें एक फर्जी सीबीआई अधिकारी व एक फर्जी जज को बैठाया गया था। पूछताछ के बाद आरोपियों ने शिकायतकर्ता को डराकर उनकी एफडी तुड़वाकर बताए गए बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से 31 लाख 25 हजार ट्रांसफर करवा लिए। इस मामले में जांच करते हुए सहायक उप निरीक्षक विजय कुमार की टीम ने 12 मई को आरोपी सैयद रेहान निवासी लखनऊ को गिरफ्तार किया। रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से 35,000 नकद बरामद किया। वहीं, 17 मई को एक अन्य आरोपी मोहम्मद सलमान को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## जागरूकता — अधिकारियों ने तेल की कमी को बताया अफवाह, पैनिक खरीद की जरूरत नहीं

सरकार ने कहा- देशहित में फिजूलखर्ची रोकें


# हरियाणा में तेल की कमी नहीं, पेट्रोल की बिक्री 30 प्रतिशत बढ़ी, स्टॉक करने से बचें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा है कि प्रदेशभर में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और निर्बाध है तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। तेल कंपनियों ने आमजन से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सामान्य आवश्यकता के अनुसार ही ईंधन खरीदें। साथ ही ईंधन उपलब्धता से जुड़ी सही जानकारी केवल तेल कंपनियों की आधिकारिक सूचनाओं से ही प्राप्त करें। राज्य स्तरीय समन्वयक अनिल कुमार सिंह ने जारी बयान में बताया कि तेल कंपनियों के सभी आपूर्ति केंद्र, भंडारण केंद्र और खुदरा विक्रय केंद्र सुचारु रूप से कार्य कर रहे हैं। ईंधन भंडार की लगातार निगरानी की जा रही है और सभी स्थानों पर नियमित रूप से पुनः आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि मई माह के पहले दो सप्ताह में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में पेट्रोल की बिक्री में लगभग 30 प्रतिशत और डीजल की बिक्री में करीब 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट है कि प्रदेशभर में ईंधन की उपलब्धता लगातार बनी हुई है। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस की आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है और इसकी उपलब्धता भी सामान्य बनी हुई है। सभी उपभोक्ताओं तक निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

### गाड़ी छोड़ साइकिल चलाई

मंत्रियों ने पीएम की अपील पर तेल बचाने का दिया संदेश







कैबिनेट बैठक में भाग लेने को मंत्री गौरव गौतम, कृष्ण बेदी व डॉ. अरविंद शर्मा आवास से साइकिल पर आए।

चंडीगढ़। आखिरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई डीजल और पेट्रोल बचाने की अपील का हरियाणा में अच्छा खासा असर दिखने लगा है। खुद कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा सोमवार को कैबिनेट में हिस्सा लेने के लिए अपने स्टाफ सहित सरकारी कोठी से साइकिल पर आए। मंत्री कृष्ण बेदी ने भी साइकिल का उपयोग किया। दूसरी तरफ कई मंत्रियों ने बैटरी वाले ऑटो और दूर दराज से आने वालों ने भी कम वाहनों का इस्तेमाल किया। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि वे अपने हलके में घूमने और लोगों से मिलने के लिए टू सीटर बैटरी कार का इस्तेमाल करने पर विचार कर रहे हैं। इस सुझाव पर उनके कुछ मंत्री साथियों ने भी अपनी सहमति दी है।

## तेल व पर्यावरण बचाने को सरकार जल्द उठाएगी अहम कदम

# विज ने ईवी का पंजीकरण शुल्क माफ करने का प्रस्ताव भेजा, सीएम बोले- इस पर काम कर रहे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

सूबे में ईवी ( इलेक्ट्रिक वाहनों) को बढ़ावा देने के लिए इसका पंजीकरण बाकी राज्यों की तर्ज पर पूरी तरह से फ्री करने और फीस आदि माफी की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। भले ही सोमवार को कैबिनेट बैठक में यह प्रस्ताव नहीं आया हो लेकिन सीएम नायब सिंह सैनी ने साफ कर दिया है कि इस दिशा में सरकार काम कर रही है। सूबे के परिवन मंत्री अनिल विज ने साफ कर दिया है कि हमने एक प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को दे दिया है। इस बारे में सबसे पहले जानकारी हरिभूमि की ओर से दी गई थी। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कैबिनेट से पहले कर दी और कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए पंजीकरण फीस को पूरी तरह से माफ करने की संबंध में एक अहम प्रस्ताव तैयार किया है। इसको मुख्यमंत्री के पास में भेजा गया है, इस बार की बैठक में यह प्रस्ताव नहीं रखा गया, लेकिन मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में साफ कर दिया है कि इस दिशा में हम बहुत ही तेजी से काम कर रहे हैं, पेट्रोल डीजल की बचत के साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए जो भी कदम उठाने होंगे, उठाने का काम करेंगे।

### पड़ोसी राज्यों में छूट के कारण कई चुनौती

दिल्ली जैसे राज्यों में रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस फ्री होने (या 15% तक की रियायत मिलने) के कारण हरियाणा (विशेषकर गुरुग्राम और फरीदाबाद) के अधिकांश लोग अपने वाहनों का पंजीकरण दिल्ली से करवा रहे थे। जिससे सरकार को टैक्स का भारी नुकसान हो रहा था। सरकार 40 लाख तक की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर सब्सिडी को भी दोबारा पूरी तरह बहाल करने पर काम कर रही है, जिसमें कारों पर 1.5 लाख से 6 लाख तक और दोपहिया वाहनों पर कम से कम 15% (अधिकतम 15,000) का सीधा फायदा खरीदारों को मिलेगा। वहीं, पड़ोसी राज्यों की बात करें तो उत्तर प्रदेश सरकार ने ईवी नीति के तहत सभी प्रकार के इलेक्ट्रिक और योग्य स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहनों पर पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स को 13 अक्टूबर 2027 तक पूरी तरह से माफ किया है। दिल्ली की ईवी नीति के तहत 30 लाख तक की कीमत वाली ईवी कारों और दोपहिया वाहनों पर मार्च 2030 तक पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स शून्य है। तेलंगाना में भी सरकार ने पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए 31 दिसंबर 2026 तक सभी ईवी वाहनों के लिए पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स में सौ फीसदी छूट दी है।

## खबर संक्षेप

### प्रेमानंद महाराज की फिर तबीयत बिगड़ी



**वृंदावन।** प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज की तबीयत अचानक बिगड़ने के कारण उनकी रोजाना होने वाली पदयात्रा और एकांतिक दर्शन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिए गए हैं। केली कुंज आश्रम के अनुसार डॉक्टरों ने उन्हें पूर्ण आराम की सलाह दी है। यात्रा पर नहीं निकले।

### पालघर में सड़क दुर्घटना में 13 लोगों की मौत



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में सगाई समारोह में जा रहे मेहमानों से भरा एक टेम्पो मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक से टकरा गया जिसके कारण 13 लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा दहानू तालुका के धानीवारी गांव के पास शाम करीब चार बजे हुआ। जब 50 से अधिक यात्री एक आइशर टेम्पो में सवार होकर बापूगांव खड़कीपाड़ा गांव के निवासी बालाराम जयराम दांडेकर नामक व्यक्ति के सगाई समारोह में जा रहे थे।

### मॉडल ट्विशा की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**भोपाल (हरिभूमि न्यूज)।** कटारा हिल्स स्थित बागमुगलिया एक्सटेंशन में 12 मई की रात संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मॉडस, एक्ट्रेस व एमबीए पढ़ी ट्विशा की मौत के मामले में सोमवार को दशम अपर सत्र न्यायाधीश पल्लवी द्विवेदी ने पति समर्थ शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। दरअसल, ट्विशा के वकील ने जमानत पर आपत्ति जताई थी। साथ ही सामाजिक संगठन भी सामने आया और खुद को न्याय मित्र बताते हुए समर्थ की जमानत पर आपत्ति जताई थी। कोर्ट ने सामाजिक संगठन की आपत्ति अस्वीकार कर दी।

### नमाज रोकेंगे नहीं पर सड़क पर भी नहीं: योगी



**लखनऊ।** यूएपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि नमाज सड़क पर नहीं होने देंगे, सड़कें चलने के लिए हैं और आवागमन के लिए हैं। लोग मुझसे पूछते हैं कि आपके यहां यूपी में क्या सड़कों पर सच में नमाज नहीं होती। मैं कहता हूं कतई नहीं होती है, आप जाकर देखलो नहीं होती है। उन्होंने आगे कहा कि अरे सड़कें चलने के लिए हैं, क्या कोई भी व्यक्ति चौराहे पर आकर तमाशा बना देगा? क्या अधिकार है उसको सड़क रोकने का, आवागमन बाधित करने का कौन सा अधिकार है।

## कर्नाटक में दो हाथियों की लड़ाई में पर्यटक की मौत



» एक महिला हाथियों को नहाते देख रही थी, तभी नीचे दबी

» बच्चे सहित दो लोग बाल-बाल बचे, घटना का वीडियो वायरल

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के कोडागु जिले स्थित डुबारे एलीफेंट कैंप में दो हाथियों की लड़ाई के दौरान एक महिला पर्यटक की मौत हो गई। घटना का दर्दनाक वीडियो सामने आया है। इसमें एक हाथी धक्का लगने से बैलेंस खो बैठा और महिला के ऊपर गिरता दिखाई दिया। एक पुरुष और उसकी गोद में एक बच्चा बाल-बाल बच गए। अधिकारियों के मुताबिक, तमिलनाडु निवासी तुलसी (33) अन्य पर्यटकों के साथ नदी किनारे खड़ी होकर हाथियों को नहलाते हुए देख रही थीं। नदी में 6 से 7 हाथी थे। उनके साथ महावत भी थे। तभी दो हाथी हिंसक होकर बेकाबू हो गए। इस दौरान चीख-पुकार मच गई।

**कार्रवाई तेज:** पुलिस ने एक आरोपी किया गिरफ्तार, जांच में जुटी

# पंजाब: ड्रग्स की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ 2.1 किलो हेरोइन व सात अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब की अमृतसर पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की तस्करी करता था। पुलिस ने इस गिरोह में संलिप्त एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 2.1 किलोग्राम हेरोइन और सात अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की गई है। वहीं, आरोपी से पुलिस की पूछताछ जारी है और उससे इस मामले के संदर्भ में अतिरिक्त जानकारी जुटाने का सिलसिला जारी है, ताकि इस बात पर विचार किया जाए कि आगे क्या कदम उठाना है। पुलिस ने इस कार्रवाई के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी विदेश में बैठे किसी हैंडलर के इशारे पर भारत में यह सबकुछ कर रहा था। आरोपी उस हैंडलर के इशारे पर नशीले पदार्थों और हथियारों की तस्करी में संलिप्त था। इसके लिए तस्कर पंजाब के कुछ ऐसे युवाओं की तलाश सें जुटा हुआ था, जो उसकी मदद करें।

**जांच में खुलासा**

विदेश में बैठे हैंडलर के इशारे पर सबकुछ कर रहा था




### कई नेटवर्क राज्य में तस्करी कर रहे

*पुलिस के संज्ञान में यह मामला तब आया, जब इसकी शिकायत दर्ज की गई। अब पुलिस का पूरा मकसद ड्रग्स और हथियार तस्करी के नेटवर्क को खत्म करना है। पुलिस की ओर से इस नेटवर्क में संलिप्त सभी आरोपियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कवायद शुरू हो चुकी है। पुलिस का स्पष्ट कहना है कि इस तरह के नेटवर्क में संलिप्त किसी भी आरोपी को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, पुलिस ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि हम नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम कर रहे हैं। हम इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही स्वीकार नहीं कर सकते हैं। पंजाब पुलिस इस तरह के कई गिरोह का भंडाफोड़ कर चुकी है, जो इस तरह के नेटवर्क में शामिल होकर राज्य में नशीले पदार्थों की तस्करी करने का काम कर रहे हैं।*

## लापता और बंधकों की सुरक्षित रिहाई की मांग को लेकर भड़के

# नगा-कुकी संगठनों की दोहरी नाकेबंदी से राजमार्ग ठप, ईंधन संकट की आशंकाएं

- 13 मई को हुए हिंसक हमले के बाद से बंद
- आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई
- आदिवासी संगठन ने 48 घंटे बंद बढ़ाया



**यह है पूरा मामला:** कुकी इनपी मणिपुर (केआईएम) और यूनाइटेड नागा काउंसिल (यूएनसी) ने 13 मई को कांगपोकपी और नोनी जिलों में हुए हिंसक हमले के बाद इन बंदों को लागू किया है, जिसमें तीन थाडौ चर्च के नेता और एक नागा व्यक्ति मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए। हिंसा के चलते दर्जनों नागा और कुकी समुदाय के लोगों को बंधक बना लिया गया। कुछ लोगों को रिहा कर दिया गया है, लेकिन शेष बंधकों 14 कुकी और 6 नागा समुदाय के लोगों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

एजेंसी ▶▶ इम्फाल

मणिपुर में नागा और कुकी समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले सामाजिक संगठनों द्वारा राज्य भर में अपने-अपने क्षेत्रों में लगाए गए बंद और आर्थिक नाकाबंदी के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की गंभीर कृत्रिम कमी का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्ण रूप से बंद होने के कारण वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है, जिससे इंफाल को कोहिमा होते हुए गुवाहाटी से जोड़ने वाले एनएच 102 पर लगभग 600 ट्रक फंसे हुए हैं, जिनमें पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पादों से भरे टैंकर भी शामिल हैं। इसके अलावा, ईंधन और एलपीजी ले जा रहे 100 से अधिक टैंकर नोनी में फंसे हुए हैं, जिससे इम्फाल-सिलचर मार्ग बाधित हो गया है। नाकेबंदी के कारण आपूर्ति व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे कई खुदरा ईंधन केंद्रों पर पेट्रोल और डीज़ल समाप्त हो चुका है। कई लोग इस रास्ते पर न तो आगे बढ़ पा रहे हैं और न ही पीछे लौट पा रहे हैं।

### लापता नागरिकों की तलाश जारी

मणिपुर के कांगपोकपी ज़िले में सुरक्षा बलों ने उन नागरिकों का पता लगाने के लिए तलाशी और बचाव अभियान तेज़ कर दिए हैं, जिन्हें कथित तौर पर हथियारबंद गुटों ने बंधक बना रखा है। वहीं राज्य के हिंसा प्रभावित पहाड़ी इलाकों में तनाव अब भी बना हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने सोमवार को बताया कि सुरक्षा बलों ने कांगपोकपी ज़िले में उन लोगों को बचाने के लिए अभियान शुरू किए हैं, जिन्हें हथियारबंद गुटों ने अब भी बंधक बना रखा है।

### ईंधन वितरण के लिए टैंकरों की भारी कमी

इम्फाल हवाई अड्डे के पास स्थित मालोम तेल डिपो में पर्याप्त भंडार है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि ईंधन वितरण के लिए टैंकरों की भारी कमी है। नाकाबंदी इस कमी का मुख्य कारण है, सूत्रों का कहना है कि यह एकमात्र कारण नहीं है। सामान्यत:, माल से भरे टैंकर खुदरा दुकानों पर भेजे जाने से पहले मालोम डिपो पर पहुंचते हैं। राजमार्गों पर कई टैंकरों के फंसे होने के कारण, अब परिवहनकर्ताओं से मालोम डिपो से सीधे माल भरकर आपूर्ति करने की अपेक्षा की जा रही है।

» उत्तर प्रदेश में कड़ा फैसला

# रीलबाज पुलिसकर्मियों की खैर नहीं, होगी कार्रवाई

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने सोशल मीडिया पर रील्स और आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। एडीजी (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश द्वारा जारी आदेश के तहत, नियमों का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई की जाएगी। स आदेश के तहत, सोशल मीडिया पॉलिसी-2023 का उल्लंघन करने वाले सेवारत और प्रशिक्षु (ट्रेनी) पुलिसकर्मियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ तत्काल कड़ी विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश द्वारा जारी किए गए पत्र में साफ तौर पर कहा गया है कि पूर्व में जारी की गई 'सोशल मीडिया पॉलिसी-2023' के बावजूद कई पुलिसकर्मियों द्वारा लगातार इसका उल्लंघन किया जा रहा है।

### अब विवादित पोस्ट के रिकॉर्ड्स होंगे सुरक्षित



आदेश के अनुसार, हर महीने संबंधित पुलिस अफसरों को एक्शन के बाद उसकी विस्तृत रिपोर्ट निर्धारित प्रोफार्मा में तैयार करके भेजनी होगी। इसके अलावा, पुलिसकर्मियों की विवादित पोस्ट का यूआरएल और रिकॉर्ड भी सुरक्षित रखने के लिए कहा गया है। माना जा रहा है कि पुलिस वालों की तरफ से सोशल मीडिया पर वर्दी में रील डालने, वायरल वीडियो को अपनी वॉल पर पोस्ट करने और अनुशासनहीन सामग्री को शेयर करने की बढ़ती घटनाओं के बाद यह कड़ा स्टेप लिया गया है।

### शुभेंदु के पीए की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रकांत रथ की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी माने जा रहे राजकुमार सिंह को सोमवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि सिंह को सीबीआई की एक टीम ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से गिरफ्तार किया। अधिकारी के निजी सहायक रथ की छह मई को मध्यग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

केरल की नई सरकार का पहला ऐक्शन

## महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा, आशा व आंगनवाड़ी वर्कर्स का मानदेय बढ़ा

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल में सीएम वीडी सतीशन के नेतृत्व में गठित यूडीएफ सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट में कई बड़े फैसलों का ऐलान किया। सीएम सतीशन ने ऐलान किया कि राज्य में महिलाओं को 15 जून से केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा आशा वर्कर्स के मानदेय में तीन हजार रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

राज्य सरकार का कहना है कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े जमीनी कर्मचारियों को राहत मिलेगी। वहीं आशा और आंगनबाड़ी वर्कर्स के मानदेय में बढ़ोतरी का भी उन्होंने ऐलान किया। केरल के मुख्यमंत्रई सतीशन ने कहा कि सचिवालय के सामने आशा कार्यकर्ताओं द्वारा लंबे समय तक किए गए आंदोलन के दौरान किए गए वादे को पूरा करते हुए मंत्रिमंडल ने उनके मानदेय में 3,000 रुपये प्रति माह की वृद्धि को मंजूरी दी है।




### बुजुर्गों के लिए अलग विभाग

मुख्यमंत्री वी डी सतीशन ने कैबिनेट की पहली बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा करते हुए कहा कि महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना के विस्तृत दिशानिर्देश बाद में जारी किए जाएंगे। कैबिनट ने बुजुर्ग लोगों के लिए एक अलग विभाग गठित करने का भी फैसला लिया। सीएम ने इस फैसले को देश में इस तरह की पहली पहल बताया।

शुभेंदु कैबिनेट का ऐतिहासिक फैसला

## अब पश्चिम बंगाल में महिलाओं को 3000 सहायता और मुफ्त बस यात्रा

भाषा ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल ने सोमवार को फैसला किया कि इमामों, मुअज्जिनों और पुरोहितों के लिए धार्मिक आधार पर जारी सहायता संबंधी योजनाएं इस वर्ष जून से बंद कर दी जाएंगी।

राज्य की पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस सरकार की अधिसूचना के अनुसार, सूचना एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग तथा अल्पसंख्यक मामलों और मदरसा शिक्षा विभाग के तहत धर्मगुरुओं को दिया जाने वाला मानदेय उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति को समर्थन देने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। राज्य की महिला, बाल एवं सामाजिक कल्याण मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने कहा"मंत्रिमंडल ने धार्मिक वर्गीकरण पर आधारित योजनाओं को बंद करने को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी।" उन्होंने संकेत दिया कि इस योजना के लिए मौजूदा राज्य बजटीय आवंटन भी रद्द किए जा सकते हैं।




### छात्रवृत्ति योजना बंद नहीं होगी

उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों के लिए चल रही किसी भी छात्रवृत्ति योजना को बंद नहीं किया जाएगा। इस साल मार्च में राज्य की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सरकार द्वारा धार्मिक नेताओं के मानदेय में 500 रुपये की बढ़ोतरी के बाद, पश्चिम बंगाल के पंजीकृत मस्जिदों के इमामों को 3,000 रुपये प्रतिमाह की राशि दी गई, जबकि मुअज्जिनों और पुरोहितों को 2,000 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए गए।

# आदिवासियों को नौकरी में 15% आरक्षण सुरक्षा कैंप 'जनसेवा' केंद्र में बदले जाएंगे

छत्तीसगढ़ के बस्तर में अमित शाह का ऐलान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले के नेतानार ग्राम में सीआरपीएफ शिविर पहुंचे। उन्होंने शहीद वीर गुंडाधूर सेवा डेरा नामक जन सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों ने नक्सलमुक्त भारत बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में जहां-जहां सुरक्षा शिविर बनाए थे, जन सुविधा केंद्र बनाए जा रहे हैं। यह शहीद वीर गुंडा धुर की जन्मभूमि और कर्मभूमि है। आज, उनसे प्रेरणा लेते हुए नेतानार कैंप (जो 2013 से एक सुरक्षा चौकी के रूप में काम कर रहा था) अब आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए समर्पित एक सेवा केंद्र में बदला जा रहा है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि महज छह महीनों के भीतर, यह केंद्र जो अभी केवल एक सरकारी पहल जैसा दिखता है, स्थानीय आदिवासियों की मौजूदगी और उनकी हंसी-खुशी से गुलजार, जीवन से भरपूर नजर आएगा। जिस जमीन पर मैं आज खड़ा हूं, वह अपने आप में भारत के हर नागरिक के लिए एक पवित्र तीर्थस्थल है।

### स्वतंत्रता सेनानी गुंडा धुर को नमन



*छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के नेतानार गांव के दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी गुंडा धुर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम विष्णु देव साय भी उपस्थित थे।*

मासूम की जिद पर कोर्ट का फैसला

# पिता को हुई जेल तो बच्चा अड़ा मैं... भी जाऊंगा, उसे भी भेजा

4 साल का बच्चा पहुंचा पिता के साथ जेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

यहां एक भावुक मामला सामने आया। मां की आत्महत्या के बाद गिरफ्तार पिता के साथ उसका चार साल का बेटा भी जेल पहुंच गया। कोर्ट में बच्चे ने नाना-नानी के साथ जाने से इनकार करते हुए पिता के साथ रहने की जिद की, जिसके बाद अदालत ने उसे पिता के साथ भेजने का आदेश दिया। देवास रोड स्थित आरके होम्स कॉलोनी में रहने वाली एक महिला ने करीब एक महीने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले की जांच के बाद पुलिस ने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी का 4 वर्षीय बेटा भी उसके साथ था, जिसे पुलिस कोर्ट लेकर पहुंची। सुनवाई के दौरान बच्चे के नाना-नानी ने उसे अपने साथ रखने की इच्छा जताई, लेकिन बच्चे ने उनके साथ जाने से साफ इनकार कर दिया। वह लगातार अपने पिता के साथ रहने की जिद करता रहा। कोर्ट में मासूम की भावनात्मक अपील को देखते हुए न्यायालय ने कानूनी प्रक्रिया पूरी कर बच्चे को उसके पिता के साथ भेजने का निर्णय लिया। इसके बाद दोनों को भैरवगढ़ सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

## जस्टिस नागरत्ना-भुइयां की बेंच ने कहा- यूएपीए में भी बेल ही नियम

# 'खालिद-शरजील की जमानत' अपने ही फैसले पर सुको को आपत्ति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की दो जजों वाली बेंच ने सोमवार को उमर खालिद और शरजील इमाम को ज़मानत देने से इनकार करने वाले अपने ही एक फैसले पर सवाल उठाए। दोनों पर दिल्ली दंगा मामले में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यानी यूएपीए के तहत आरोप लगाए गए हैं। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि जनवरी में दिया गया फैसला यूएपीए मामलों में तय ज़मानत सिद्धांतों से अलग था। इन सिद्धांतों में व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सबसे ऊपर माना गया है और कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़े मामलों में भी 'बेल नियम है और जेल अपवाद', खासकर तब जब मुकदमा लंबे समय तक लंबित हो। बेंच ने 2021 के केए नजीब फैसले का हवाला दिया, जिसमें तीन जजों की बेंच ने कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत त्वरित सुनवाई का अधिकार यूएपीए के आरोपियों पर भी लागू होगा। इसका मतलब यह है कि अगर मुकदमे में बिना वजह और बहुत ज्यादा देरी हो रही हो, तो यूएपीए के आरोपी को भी ज़मानत मिल सकती है। पहली नज़र में उसके खिलाफ मामला नहीं बनता।

### दो जजों का फैसला अस्वीकार्य



दिल्ली दंगों से संबंधित गुलफिशा फातिमा मामले में दो न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिए गए फैसले को अस्वीकार करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि इसमें के. ए. नजीब मामले में दिए गए फैसले का ठीक से पालन नहीं किया गया है जिसमें यूएपीए के तहत मामलों में लंबे समय तक मुकदमे में देरी को जमानत का आधार माना गया था। दिल्ली दंगा मामले में शीर्ष अदालत ने कई आरोपियों को जमानत दे दी थी लेकिन छात्र नेता उमर खालिद और शरजील इमाम को यह राहत नहीं मिली थी।

### न्यायिक अनुशासन पर सुप्रीम कोर्ट की जोरदार टिप्पणी

बेंच ने इस बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई कि छोटी बेंचें बड़ी बेंचों के फैसलों का पालन नहीं कर रही हैं। चिंता की बात यह है कि छोटी बेंचें बिना सीधे असहमति जताए, बड़ी बेंच के फैसलों की संवैधानिक ताकत को धीरे-धीरे कमजोर कर रही हैं।' कोर्ट ने याद दिलाया कि छोटी बेंचें बड़ी बेंचों के फैसलों को मानने के लिए बाध्य हैं। न्यायिक अनुशासन की मांग है कि ऐसे बाध्यकारी फैसलों का पूरी तरह पालन किया जाए या अगर कोई संदेह हो तो मामला बड़ी बेंच को भेजा जाए। छोटी बेंच बड़ी बेंच के फैसले को कमजोर, दरकिनार या नजरअंदाज नहीं कर सकती।

### यह है मामला

जनवरी में उमर खालिद और शरजील इमाम को ज़मानत देने से इनकार करने वाली बेंच ने कहा था कि दोनों की स्थिति बाकी आरोपियों से 'गुणात्मक रूप से अलग' है। इसलिए उन्हें केए नजीब फैसले के सिद्धांतों का लाभ नहीं दिया गया। हालांकि, जस्टिस अरविंद कुमार की अगुवाई वाली बेंच ने पांच अन्य आरोपियों को जमानत दे दी थी। उस बेंच ने कहा था कि उमर खालिद और शरजील इमाम 2020 के दंगों के मुख्य योजनाकार थे और उन्होंने दंगों की 'योजना, लोगों को जुटाने और रणनीतिक दिशा' देने में भूमिका निभाई थी। इसी वजह से उनके लिए ज़मानत पाना मुश्किल बताया गया था।

## उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश डिजिटल सुनवाई करें: सीजेआई

नई दिल्ली (भाषा)। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर अनावश्यक खर्च में कटौती करने के लिए सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से फिलहाल सोमवार और शुक्रवार को 'डिजिटल' माध्यम से सुनवाई करने का आग्रह किया है। शीर्ष अदालत ने 15 मई को, सोमवार और शुक्रवार को केवल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मामलों की सुनवाई करने का निर्णय लिया। न्यायाधीशों ने ईंधन के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक-दूसरे के वाहन से न्यायालय आने-जाने की व्यवस्था को प्रोत्साहित करने का 'सर्वसम्मति से संकल्प' लिया। पश्चिम एशिया संकट के कारण अनावश्यक खर्चों में कटौती करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बाद यह कदम उठाया गया। सोमवार को, वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने एक मामले की सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी का एकीकरण हुआ है और ऑनलाइन सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों ने "अतिरिक्त धैर्य" दिखाया। मैं ऑनलाइन सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश की सराहना करता हूं, क्योंकि आज सभी अदालतों में यह सुचारू रूप से संपन्न हुई। मैं इस कदम के लिए प्रधान न्यायाधीश की प्रशंसा करता हूं।



- पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर अनावश्यक खर्च में कटौती को लेकर लिया फैसला

## चिंतन

# ऊर्जा सुरक्षा देश की पहली प्राथमिकता

वैश्विक राजनीति, युद्ध और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की स्थिरता और विकास की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे में भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह रूस से तेल खरीद बंद करने नहीं जा रहा है, चाहे अमेरिका की विशेष छूट समाप्त ही क्यों न हो जाए। यह केवल एक आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च रखने की नीति का स्पष्ट संकेत है। सरकारी प्रवक्ता ने तो यहां तक दावा किया है कि हम रूस से तेल खरीदते थे, खरीदते हैं और खरीदते रहेंगे। यह एक तरह से अमेरिका की धमकी का सीधा जवाब है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि वह ऊर्जा सुरक्षा को लेकर किसी के दबाव में नहीं आएगा। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी भी पांच देशों के दौरे पर हैं। उन्होंने भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व में यूएई का कच्चा तेल स्टोर करने और भारत को तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) व प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यूएई के साथ समझौता किया है, वहीं नॉर्वे के साथ भी ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप की शुरुआत की गई है, जिसके तहत जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनमी) और ग्रीन शिपिंग जैसे क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊंचाइयां दी जाएंगी। इससे सरकार ने साफ कर दिया है ऊर्जा सुरक्षा देश की पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता देश है। देश की अर्थव्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, उद्योग और आम जनता की दैनिक जरूरतें ऊर्जा पर ही आधारित हैं। यदि तेल और गैस की आपूर्ति में बाधा आती है तो उसका सीधा असर महंगाई, उत्पादन और आम आदमी की जिंदगी पर पड़ता है। ऐसे में सरकार का प्राथमिक लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि देश में ऊर्जा की उपलब्धता लगातार बनी रहे और कीमतों में अनावश्यक उछाल न आए। रूस-यूक्रेन और अमेरिका-इजराइल व ईरान युद्ध के बाद वैश्विक ऊर्जा बाजार में भारी अस्थिरता देखी गई। पश्चिमी देशों ने रूस पर कई आर्थिक प्रतिबंध लगाए, लेकिन भारत ने इस मुद्दे पर संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनाई। भारत ने स्पष्ट किया कि वह अपने नागरिकों और अर्थव्यवस्था के हितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेगा। रूस से रियायती दरों पर मिलने वाला कच्चा तेल भारत के लिए आर्थिक रूप से लाभकारी साबित हुआ है। इससे देश को ऊर्जा लागत नियंत्रित रखने में मदद मिली और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती कीमतों का असर कुछ हद तक कम हुआ। अमेरिका द्वारा दी गई विशेष छूट समाप्त होने के बाद भी भारत का रूस से तेल आयात जारी रखने का निर्णय यह दर्शाता है कि भारत अब वैश्विक दबावों से प्रभावित होकर नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक जरूरतों के आधार पर फैसले ले रहा है। देश में गैस और तेल की उपलब्धता बनी रहे इसके लिए सरकार तमाम प्रयास कर रही है। देश में बढ़ती महंगाई आमजन को परेशान कर सकती है, लेकिन भारत की आबादी को देखते हुए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत कठिन है। हमारी डिमांड और खर्च ज्यादा है। ऐसे में सरकार के प्रयास सराहनीय हैं। लोगों को भी सरकार का सहयोग करना चाहिए और ऊर्जा संरक्षण में अपनी महती भूमिका निभानी चाहिए। दुनिया के तमाम छोटे बड़े देश तेल और गैस संकट से जूझ रहे हैं ऐसे में भारत सरकार के प्रयास काफी सराहनीय हैं।



**नया खतरा**
महेन्द्र तिवारी

# सेल्फी का दुरुपयोग भी संभव

सेल्फी लेकर तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड करने का उद्देश्य अपनी खुशियों और अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करना होता है। इन चित्रों के माध्यम से लोग अपनी भावनाएं, जीवनशैली और व्यक्तिगत उपलब्धियां समाज तक पहुंचाते हैं। परंतु, तकनीक की तीव्र गति ने अब इन चित्रों को केवल सुंदर स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा है। आज यही तस्वीरें हमारी व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। विशेष रूप से एआई के निरंतर बढ़ते प्रभाव ने इंटरनेट आधारित अपराधों को एक सर्वथा नया और चिंताजनक मोड़ दे दिया है। सुरक्षा विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे दूरभाष या चित्र-यंत्र से ली गई एक सामान्य सी तस्वीर से भी किसी व्यक्ति की उंगलियों के निशान चोरी किए जा सकते हैं।

आधुनिक युग में विभिन्न सामाजिक मंचों पर अपने जीवन के विशेष क्षणों को साझा करना मानवीय व्यवहार का एक अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जब कोई व्यक्ति किसी मनोरम स्थान की यात्रा पर जाता है, मित्रों के साथ आनंदमय समय बिताता है, या प्रतिदिन अपनी नई तस्वीरें अपलोड करता है, तो उसका उद्देश्य अपनी खुशियों और अनुभवों को दुनिया के साथ साझा करना होता है। इन चित्रों के माध्यम से लोग अपनी भावनाएं, जीवनशैली और व्यक्तिगत उपलब्धियां समाज तक पहुंचाते हैं। परंतु, तकनीक की तीव्र गति ने अब इन चित्रों को केवल सुंदर स्मृतियों तक सीमित नहीं रखा है। आज यही तस्वीरें हमारी व्यक्तिगत पहचान और वित्तीय सुरक्षा के लिए एक अत्यंत गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के निरंतर बढ़ते प्रभाव ने अंतरजाल आधारित अपराधों को एक सर्वथा नया और चिंताजनक मोड़ दे दिया है।

वर्तमान समय में सुरक्षा विशेषज्ञ यह चेतावनी दे रहे हैं कि हमारे दूरभाष या चित्र-यंत्र से ली गई एक सामान्य सी तस्वीर से भी किसी व्यक्ति की उंगलियों के निशान चोरी किए जा सकते हैं और भविष्य में उनका अवांछित दुरुपयोग पूरी तरह संभव है। वर्तमान समय में अत्याधुनिक साधन किसी भी धुंधली तस्वीर को अत्यधिक स्पष्ट और सघन बनाने में सक्षम हैं। तस्वीरों की बारीक रेखाओं को साफ करना, उनके विस्तार को बढ़ाना और उनमें छिपे अत्यंत सूक्ष्म स्वरूपों को पहचानना अब इन प्रणालियों के लिए बहुत सरल हो चुका है। यही कारण है कि मानवीय उंगलियों के पोरों पर पाई जाने वाली अद्वितीय और अत्यंत बारीक रेखाएं भी अब इलेक्ट्रॉनिक विश्लेषण के माध्यम से आसानी से निकाली जा सकती हैं। अंतरजाल सुरक्षा विशेषज्ञ ली चांग ने अपने हालिया प्रदर्शनों में यह प्रमाणित करके दिखाया है कि उच्च गुणवत्ता वाली साधारण तस्वीरों से भी पूरी तरह उपयोग में लाए जा सकने वाले उंगलियों के निशान प्राप्त किए जा सकते हैं। इस सुरक्षा संकट से जुड़े वैज्ञानिक अध्ययनों और आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो यह स्थिति और भी भयावह प्रतीत होती है। सुरक्षा विशेषज्ञों के विश्लेषण के अनुसार, यदि कोई तस्वीर लगभग 1.5 मीटर की दूरी से ली गई हो और उपकरण के चित्र-यंत्र की गुणवत्ता उत्तम स्तर की हो, तो उस चित्र से उंगलियों के निशान शत-प्रतिशत स्पष्टता के साथ प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यदि तस्वीर 1.5 से 3 मीटर की दूरी से भी ली गई हो, तब भी आधुनिक एआई प्रणालियों की सहायता से उंगलियों के लगभग 50 प्रतिशत तक के रेखा-स्वरूप को सफलतापूर्वक निकाला जा सकता है। यद्यपि सामान्य जन के लिए यह एक साधारण सा आंकड़ा लग सकता है, परंतु अंतरजाल अपराध और पहचान की चोरी करने वाले अपराधियों के लिए इतनी आंशिक जानकारी भी अत्यंत विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। जापान के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने कई वर्ष पूर्व ही इस विषय पर गहन शोध करके दुनिया को सचेत किया था कि इस प्रकार की मुद्राओं वाली तस्वीरों से उंगलियों के निशानों को बहुत सुगमता से पढ़ा जा सकता है। अब जब एआई की शक्ति कई गुना बढ़ चुकी है, तब इस तकनीकी खतरे की गंभीरता पहले की तुलना में कहीं



अधिक व्यापक हो चुकी है। उंगलियों के निशानों के लीक होने का यह संकट किसी भी सामान्य कूटशब्द की चोरी से अत्यधिक गंभीर माना जाता है। यदि किसी उपयोगकर्ता का कोई कूटशब्द या गोपनीय संख्या चोरी हो जाती है, तो वह तत्काल उसे बदलकर एक नया और सुदृढ़ कूटशब्द निर्मित कर सकता है। इसके विपरीत, मनुष्य की उंगलियों के निशान उसके संपूर्ण जीवनकाल में अपरिवर्तनीय रहते हैं। कोई भी व्यक्ति अपनी उंगलियों के प्राकृतिक निशानों को बदल नहीं सकता है। यही मुख्य कारण है कि इस प्रकार के जैव-पहचान संबंधी आंकड़ों का दुरुपयोग किसी भी व्यक्ति के लिए दीर्घकालिक समस्या उत्पन्न कर सकता है। एक बार यदि किसी अपराधी समूह या अवांछित प्रणाली के पास किसी नागरिक की उंगलियों के निशानों का सटीक रेखा-स्वरूप पहुंच जाता है, तो वह अपराधी भविष्य में कई वर्षों तक उस व्यक्ति के नाम पर विभिन्न प्रकार के वित्तीय अपराध करने का प्रयास कर सकता है। आज संपूर्ण विश्व में आधुनिक दूरभाष, संगणक, बैंकिंग सेवाएं, सरकारी प्रणालियां और उच्च सुरक्षा वाले संस्थान उंगलियों के निशानों पर आधारित पहचान प्रणाली पर पूरी तरह निर्भर हो चुके हैं। अधिकांश कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज करने के लिए इन जैव-पहचान उपकरणों का ही उपयोग किया जाता है। इसके साथ ही हवाई अड्डों, सीमा सुरक्षा चौकियों और अन्य संवेदनशील राष्ट्रीय संस्थानों में भी पहचान की पुष्टि के लिए उंगलियों के निशानों का उपयोग निरंतर बढ़ रहा है। ऐसी संवेदनशील व्यवस्था में यदि किसी निर्दोष नागरिक की जैव-पहचान संबंधी गोपनीय जानकारी गलत हाथों में चली जाती है, तो उसके परिणामस्वरूप पहचान की चोरी, गंभीर बैंकिंग धोखाधड़ी, बैंक खातों से धन की अवैध निकासी और प्रतिबंधित क्षेत्रों में अनधिकृत प्रवेश जैसी अत्यंत विकट समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। एआई पर आधारित इस तकनीक के क्षेत्र में हो रहे नित नए शोधों से कुछ और चौंकाने वाले तथ्य भी सामने आए हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों में यह देखा गया है कि मशीन पर आधारित आधुनिक कलन विधियां अब ऐसे कृत्रिम अथवा नकली उंगलियों के निशान भी तैयार कर सकती हैं जो विभिन्न सुरक्षा उपकरणों को भ्रमित करने में सक्षम हैं। वैज्ञानिकों ने प्रयोगशालाओं में ऐसे कृत्रिम और एआई जनित निशानों को विकसित करने में सफलता पाई है जिन्हें कुछ संवेदनशील सुरक्षा प्रणालियों ने वास्तविक मानकर स्वीकार कर लिया। यह उभरती हुई स्थिति स्पष्ट संकेत देती है कि आने वाले समय में अंतरजाल सुरक्षा की चुनौतियां मानवीय कल्पना से भी अधिक जटिल और बहुआयामी होने वाली हैं। हालांकि, इस विषय के दूसरे पहलू को स्पष्ट करते हुए विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि सामाजिक माध्यमों पर डाली गई प्रत्येक तस्वीर से तत्काल कोई बैंक खाता अवरुद्ध नहीं हो जाता और न ही हर सामान्य चित्र इतना बड़ा संकट उत्पन्न करता है। अंतरजाल अपराधी सदैव हमारी असावधानी और सुरक्षा तंत्र की कमजोरियों की ताक में रहते हैं, इसलिए इस आभासी संसार में निरंतर सतर्कता ही हमारी सबसे बड़ी रक्षा कवच है। अंततः, यह तकनीक का युग है जो मानव जीवन को सुगम बनाने के साथ-साथ नई चुनौतियां भी दे रहा है। आज एक साधारण सा स्व-चित्र केवल एक सुंदर दृश्य नहीं है, बल्कि वह हमारी अत्यंत निजी जानकारी का स्रोत भी बन सकता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक के लाभों का सहर्ष उपयोग करें, किंतु उसके छिपे हुए खतरों के प्रति भी समान रूप से सजग रहें। थोड़ी सी सतर्कता हमें भविष्य के किसी बड़े नुकसान से बचा सकती है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

**सम्मान से सुशासन**
बलकार सिंह पूनियां



# पंचायतों की लगातार बदलती विकास यात्रा

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ें गांवों में स्थित ग्राम पंचायतों में निहित हैं। संसद और विधानसभाएं राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर लोकतंत्र को दिशा देती हैं, परंतु लोकतंत्र की वास्तविक आत्मा गांवों में ही जीवित रहती है। भारतीय संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देकर स्थानीय स्वशासन को सशक्त बनाया गया। इसका उद्देश्य केवल प्रशासनिक विकेंद्रीकरण नहीं था, बल्कि ग्रामीण समाज को विकास प्रक्रिया का सहभागी बनाना था। आज राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 और पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 यह सिद्ध करते हैं कि पंचायतें अब केवल योजनाओं के क्रियान्वयन की इकाइयां नहीं, बल्कि सुशासन, सामाजिक न्याय और सतत विकास की अग्रणी संस्थाएं बन चुकी हैं। केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय द्वारा घोषित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के अंतर्गत देशभर की 42 पंचायतों को विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। यह सम्मान केवल उपलब्धियों की औपचारिक स्वीकृति नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत में उभरती उत्तरदायी और पारदर्शी शासन संस्कृति का प्रमाण है। कर्नाटक को छह पुरस्कार तथा आंध्र प्रदेश और ओडिशा को पांच-पांच पुरस्कार प्राप्त होना इस तथ्य को दर्शाता है कि विभिन्न राज्यों की पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नवाचारी विकास मॉडल प्रस्तुत कर रही हैं। यह इस बात का संकेत है कि यदि पंचायतों को सही संसाधन, नेतृत्व और जनसहभागिता मिले, तो वे विकास की नई इबारत लिख सकती हैं। इन पुरस्कारों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इन्हें सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण से जोड़ा गया है। गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत, स्वस्थ पंचायत, बाल-हितैषी पंचायत, जल-पर्याप्त पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, सामाजिक न्याय पंचायत, महिला-हितैषी पंचायत तथा आत्मनिर्भर आधारभूत संरचना जैसी श्रेणियां यह स्पष्ट करती हैं कि पंचायतों की भूमिका अब केवल सड़क, नाली और बिजली तक सीमित नहीं रही। अब पंचायतों से अपेक्षा की जा रही है कि वे समग्र ग्रामीण विकास का नेतृत्व करें और सामाजिक, आर्थिक तथा पर्यावरणीय प्रगति सुनिश्चित करें। विशेष रूप से महिला-हितैषी पंचायतों को सम्मानित किया जाना ग्रामीण समाज में बढ़ते महिला नेतृत्व का संकेत है। पंचायतों में महिलाओं की भागीदारी ने निर्णय प्रक्रिया को अधिक संवेदनशील और जनोन्मुख बनाया है। आज अनेक महिला सरपंच शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण जैसे विषयों पर उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं। इसी प्रकार सामाजिक न्याय पंचायतों को पहचान देना यह दर्शाता है कि विकास केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक समावेशन और समान अवसर सुनिश्चित करने की प्रक्रिया भी है।पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 भारतीय ग्रामीण शासन व्यवस्था में एक ऐतिहासिक पहल है। यह पंचायतों का केवल प्रशासनिक मूल्यांकन नहीं करता, बल्कि आंकड़ा-आधारित पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देता है। वित्तीय वर्ष 2023–24 की रिपोर्ट के अनुसार 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 2,59,867 ग्राम पंचायतों एवं पारंपरिक स्थानीय निकायों ने सत्यापित आंकड़े प्रस्तुत किए। लगभग 97.3 प्रतिशत भागीदारी यह सिद्ध करती है कि पंचायतों में डिजिटल शासन और जवाबदेही के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। यह ग्रामीण भारत में डेटा-आधारित योजना निर्माण की नई संस्कृति को भी दर्शाता है। रिपोर्ट का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि पंचायतों का मूल्यांकन अब केवल प्रक्रियाओं के आधार पर नहीं, बल्कि विकासात्मक परिणामों के आधार पर किया जा रहा है। अग्रणी श्रेणी में 3,635 ग्राम पंचायतों का शामिल होना और लगभग 1,18,824 पंचायतों का प्रदर्शनकारी श्रेणी में आना यह बताता है कि पंचायतें विकास की नई परिभाषा गढ़ रही हैं। गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य सुधार, जल संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण जैसे मानकों पर उनका प्रदर्शन मापा जा रहा है। गरीबी-मुक्त एवं उन्नत आजीविका पंचायत श्रेणी में हजारों पंचायतों की सफलता विशेष उल्लेखनीय है। यह दर्शाता है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी प्रयास हुए हैं। स्वयं सहायता समूहों, कृषि आधारित उद्यमों और मनरेगा जैसी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है। इसी प्रकार स्वस्थ पंचायत श्रेणी में पंचायतों की उपलब्धियां यह दर्शाती हैं कि अब पंचायतें स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और स्वच्छता जैसे विषयों पर भी प्रभावी हस्तक्षेप कर रही हैं। पंचायतों की सफलता केवल ग्रामीण भारत की सफलता नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और सतत विकास की पहचान भी है।

( लेखक इग्नू में सहायक आचार्य ग्रामीण विकास विभाग हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
**दर्शन**

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

## ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित
**प्रेरणा**

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तिलहन उत्पादन बढ़ाने की जरूरत

प्रधानमंत्री ने भारतवासियों को खाने वाले तेल की मात्रा खाने में कम करने की अपील की है, क्योंकि इसका ज्यादा प्रयोग हमारे देश के धन को दूसरे देशों में भेजने में मदद करता है, हमारे देश में लगभग 60 प्रतिशत के करीब खाद्य तेल विदेशों से आता है, इनमें मुख्यतः ब्राजील, इंडोनेशिया आदि देश हैं। इसलिए सरकार ने अब देश में तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष योजनाओं को अमल में लाने पर काम शुरू कर दिया है। लेकिन सवाल तो यह है कि आज तक इसके बारे मे क्यों गंभीरता नहीं दिखाई गई? यह तभी कामयाब होगा जब कृषि विभाग, किसान इसे कामयाब करने के लिए गंभीरता दिखाएंगे, तो देश में किसी भी खाने वाले तेल के दाम आसमान न छू पाएं और इनका ज्यादा से ज्यादा निर्यात करें, जिससे भारत की आर्थिक स्थिति पर भी सकारात्मक असर पड़े और किसानों की आय भी बढ़े। **-संतोष कुमार, कैथल**

## करंट अफेयर

### ईरानी नोबेल पुरस्कार विजेता नरगिस की अस्पताल से छुट्टी

ईरान की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी को दो सप्ताह से अधिक समय तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद सोमवार को तेहरान के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनके समर्थकों ने यह जानकारी दी। मोहम्मदी (54) को घर पर ही रहने और आगे की देखभाल और दैनिक फिजियोथेरेपी कराने की सलाह दी गयी है। मोहम्मदी के बेहोश हो जाने के बाद एक मई को उन्हें आपातकालीन स्थिति में जेल से उत्तर पश्चिमी ईरान के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगभग 10 दिन बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया और तेहरान के अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां विशेषज्ञों ने उनकी जांच की। उन्हें 2023 में जेल में रहते हुए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। मोहम्मदी को अपने करियर में कई बार जेल जाना पड़ा है। उनकी नवीनतम कैद दिसंबर में शुरू हुई जब उन्हें उत्तरपूर्वी ईरानी शहर मशहद में गिरफ्तार किया गया था। उनके परिवार ने कहा है कि जेल में उसकी सेहत बिगड़ रही थी, जिसका एक कारण यह था कि गिरफ्तारी के दौरान उसकी जमकर पिटाई की गई थी। उन्हें मार्च में दिल का दौरा पड़ा था और जेल जाने से पहले से ही उनके फेफड़े में खून का थक्का जमा हुआ था, जिसके प्रबंधन के लिए रक्त पतला करने वाली दवाओं और निगरानी की आवश्यकता होती है।



## ऑफ बीट

### मनुष्यों के लिए खतरनाक हो सकती है भीषण गर्मी

गर्मी हर साल हजारों लोगों को चुपचाप निगल रही है और यह दिन–ब–दिन बदतर होती जा रही है। उत्तरी गोलार्द्ध में अत्यधिक गर्मी को लेकर मीडिया की रिपोर्टिंग स्पष्ट है : रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने मानव अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। एक अनुमान है कि 'ब्रिटेन तीन दशकों में अत्यधिक गर्म हो सकता है' जो निश्चित तौर पर 97 प्रतिशत मानवता के लिए चिंता का विषय है जो ब्रिटेन के मुकाबले अधिक गर्मी वाले स्थानों पर रहते हैं। अच्छी खबर यह है : ब्रिटेन के लोगों को 2050 तक स्वीडन नहीं जाना पड़ेगा। बुरी खबर है : पहले ही जानलेवा गर्मी है जो बदतर होती जा रही है और जल्द ही एक बहुत बड़ी समस्या बन सकती है। गर्मी चुपचाप लोगों की जान ले रही है और यह अन्य किसी प्राकृतिक आपदा के मुकाबले अधिक संख्या में मौतों के लिए जिम्मेदार है। हाल के दशकों में यूरोप में भीषण गर्मी ने हजारों लोगों की जान ली है। विकासशील देशों में मृतकों की संख्या की उचित तरीके से गिनती नहीं की गयी है और संभवतः मृतकों की संख्या कहीं अधिक है। लेकिन कुछ इससे भी बुरा होने वाला है और हमें इसके लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। अब पृथ्वी पर औसत सतह तापमान सर्वोच्च स्तर पर है। हाल में पड़ी भीषण गर्मी वैश्विक ताप वृद्धि के निशान छोड़ती है जो बाढ़ या सूखे जैसे जलवायु परिवर्तन के किसी भी असर से कहीं ज्यादा है।



## ट्रेंड

### जन्मदिन की बधाई



एच.डी. देवेगौड़ा को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उन्होंने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में राष्ट्र के लिए उत्कृष्ट योगदान दिया है। वह नीतिगत मुद्दों की गहरी समझ और वंचितों की सेवा के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाते हैं। हम उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### तय जगह पर पढ़ें नमाज



नमाज पढ़नी है तो तय जगह पर पढ़िए। संख्या ज्यादा है तो शिफ्ट में पढ़ लीजिए। हम नमाज नहीं रोकेंगे, लेकिन सड़क पर अराजकता नहीं होने देंगे। सड़कें नमाज पढ़ने या किसी तरह की भीड़ जुटाने के लिए नहीं हैं।
**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, यूपी

### सहकर्मियों का पुनर्मिलन



जब नेतागण केरल पहुंचे तो ऐसा लगा जैसे "दोस्तों और सहकर्मियों का पुनर्मिलन" हो रहा हो। माहौल में आशा, ऊर्जा और उत्साह स्पष्ट रूप से व्याप्त है। यही ऊर्जा तब और भी प्रबल होगी जब हम सब मिलकर अपने सबसे बड़े साझा लक्ष्य की ओर काम करेंगे।
**-ए. रेवंत रेड्डी,** सीएम, तेलंगाना

### गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं



मैं स्पष्ट संदेश दे रहा हूं कि इस तरह की अशांति, गुंडागर्दी और राष्ट्रविरोधी, समाजविरोधी गतिविधियों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम ऐसी चीजों को जारी नहीं रहने देंगे।
**-शुभेंदु अधिकारी,** सीएम, पश्चिम बंगाल

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 13 | 9 | 4 | 18 |
| गुजरात | 13 | 8 | 5 | 16 |
| हैदराबाद | 13 | 8 | 5 | 16 |
| पंजाब | 13 | 6 | 6 | 13 |
| राजस्थान | 12 | 6 | 6 | 12 |
| चेन्नई | 13 | 6 | 7 | 12 |
| दिल्ली | 13 | 6 | 7 | 12 |
| कोलकाता | 12 | 5 | 6 | 11 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 |
| लखनऊ | 12 | 4 | 8 | 8 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
**555 रन**
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
**24 विकेट**
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप



### जर्मन मास्टर्स में 49वें स्थान पर अवनी

**हैम्बर्ग।** अवनी प्रशांत ने अमुंडी जर्मन मास्टर्स के चौथे दौर में बोगी रहित दो-अंडर 71 का स्कोर बनाकर अपने अभियान का समापन संयुक्त 49वें स्थान के साथ किया। अवनी ने नौवें और 14वें होल पर बर्डी लगाकर दो-अंडर का कार्ड खेला। उनका कुल स्कोर 7 ओवर पार (78-69-81-71) रहा। लियोनी हार्म ने अंतिम दौर में चार-अंडर 69 का कार्ड खेलते हुए कुल 10-अंडर पार (65-75-73-69) के स्कोर के साथ अपना पहला खिताब जीता। इससे पहले प्रणवी उर्स और वाणी कपूर कट से बाहर हो गई थीं।

### डब्ल्यूपीएल की टीम खरीदना चाहता है पंजाब किंग्स

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) भले ही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का तत्काल विस्तार नहीं करना चाहता हो, लेकिन आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के सह-मालिक मोहित बर्मन का कहना है कि फ्रेंचाइजी चार सत्र पुराने इस टूर्नामेंट में किसी समय एक टीम का मालिक बनना पसंद करेगी। वर्तमान में डब्ल्यूपीएल में आईपीएल फ्रेंचाइजी के स्वामित्व वाली तीन टीम मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और दिल्ली कैपिटल्स हैं।

### स्टार्क साथी खिलाड़ियों के लिए 'रोल मॉडल' : बदानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच हेमांग बदानी ने मिचेल स्टार्क की जमकर तारीफ करते हुए ऑस्ट्रेलिया के इस तेज गेंदबाज को अपने साथी खिलाड़ियों के लिए 'रोल मॉडल' करार दिया।



बदानी ने कहा, 'वह इस खेल के सबसे अच्छे रोल मॉडल में से एक है। उनकी कार्यशैली, खेल से पहले की तैयारी, उनकी अपनी योजनाएं और उनका अभ्यास सब कुछ बेमिसाल है। मुझे बहुत से युवा खिलाड़ियों में यह बात नजर नहीं आती और यही कारण है कि वह इतने लंबे समय से खेल में बने हुए हैं।' दिल्ली कैपिटल्स के कोच में युवा खिलाड़ियों पर स्टार्क के प्रभाव के बारे में भी बात की।


## आईपीएल: सुपर किंग्स को 5 विकेट से हराया

# ईशान-कमिंस ने सनराइजर्स को चेन्नई पर जीत दिलाकर प्लेआफ में पहुंचाया

भाषा ▶▶ चेन्नई

- ईशान का अर्धशतक
- कमिंस को 3 विकेट

ईशान किशन के 70 रन और पैट कमिंस के तीन विकेट की मदद से सनराइजर्स हैदराबाद ने सोमवार को चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराकर आईपीएल 2026 में प्लेआफ में जगह पक्की कर ली। जीत के लिये 181 रन का लक्ष्य चेपॉक की धीमी विकेट पर आसान नहीं था। ईशान ने हालांकि 47 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के लगाकर इसे आसान बना दिया। हेनरिच क्लासेन ने 26 गेंद में 47 रन बनाये और दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 75 रन की साझेदारी करके हैदराबाद को 19 ओवर में पांच विकेट पर 181 रन तक पहुंचाया। सनराइजर्स के अब 16 अंक है और उसे एक मैच और खेलना है । इस नतीजे के बाद गुजरात टाइटंस (16 अंक) भी प्लेआफ में पहुंच गई है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (18 अंक) पहले ही प्लेआफ में पहुंच चुकी है और अब बस एक स्थान के लिये मुकाबला है। चेन्नई के 13 मैचों में 12 अंक है और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं हुई है। मैच में सनराइजर्स ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरूआत नहीं की और ट्रेविस हेड जल्दी आउट हो गए। अभिषेक शर्मा भी 21 गेंद में 26 रन ही बना सके। पावरप्ले में स्कोर एक विकेट पर 45 रन था। क्लासेन को नूर अहमद की गेंद पर 18 के स्कोर पर स्पेंसर जॉनसन ने जीवनदान दिया। इसके बाद क्लासेन और ईशान ने मैच का नक्शा ही बदल दिया। दोनों ने चेन्नई के स्पिनरों अकील हुसैन और नूर को सहजता से खेला। ईशान ने 37 गेंद में 50 रन पूरे किये। वहीं नूर की गेंद पर संजू सैमसन की कुशल स्टम्पिंग का शिकार होकर क्लासेन आउट हो गए। ईशान



को अंशुल कम्बोज ने आउट किया लेकिन उस समय सनराइजर्स को जीत के लिये छह रन की ही जरूरत थी।

### आरआर और एलएसजी में मुकाबला आज

- शाम 7.30 बजे से होगा मैच

*जयपुर। राजस्थान रॉयल्स को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखना है तो उसे लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मंगलवार को होने वाले आईपीएल के मैच में खेल के हर विभाग में सुधार करना होगा। रॉयल्स ने अपने घरेलू मैदान सवाई मानसिंह स्टेडियम में अभी तक एक भी मैच नहीं जीता है और यहां होने वाला अंतिम मैच घरेलू टीम के लिए करो या मरो जैसा बन गया है। रॉयल्स इसके बाद लीग चरण के अपने अंतिम मैच में मुंबई इंडियंस का सामना करेगा। रॉयल्स की टीम अच्छी शुरुआत के लिए 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी पर काफी हद तक निर्भर रही है, लेकिन इस युवा खिलाड़ी को दूसरे छोर से यशस्वी जायसवाल से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है।*

# धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में 14, 17 और 20 जून को वनडे

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली एकमात्र टेस्ट और तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के लिए मंगलवार को जब राष्ट्रीय चयनकर्ता भारतीय टीम का चयन करेंगे, तब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के कार्यभार प्रबंधन (खिलाड़ियों को चोट से बचाने के लिए शारीरिक और मानसिक दबाव को नियंत्रित करने की प्रक्रिया) और रोहित शर्मा की मैच फिटनेस पर विशेष चर्चा होगी। आईपीएल का फाइनल 31 मई को अहमदाबाद में खेला जाना है, जबकि एक सप्ताह से भी कम समय के अंतराल पर 6 जून से मुल्लांपुर (न्यू चंडीगढ़) में अफगानिस्तान दौरे का एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। वनडे मैच धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में क्रमशः 14, 17 और 20 जून को खेले जाएंगे।

### रोहित की फिटनेस चिंता का विषय

इस बात की संभावना कम है कि बुमराह को दोनों प्रारुपों के लिए चुना जाएगा, क्योंकि वनडे में उन्हें तुरंत खिलाने की कोई जल्दबाजी नहीं है। 50 ओवर का विश्व कप अभी काफी दूर है (अक्टूबर-नवंबर 2027)। वहीं, रोहित शर्मा की फिटनेस भी चिंता का विषय बनी हुई है। आईपीएल के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वह मुंबई इंडियंस के कई मुकाबलों से बाहर रहे थे। पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में भी उन्होंने केवल 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी की थी। ऐसे में चयनकर्ता उन्हें तभी टीम में शामिल करेंगे, जब वह पूरी तरह फिट होंगे।

### विराट के खेलने की पूरी संभावना

दूसरी ओर, विराट कोहली ने आईपीएल में शानदार फॉर्म दिखाकर अपनी उपयोगिता फिर साबित की है। रोहित की तरह अब केवल एक प्रारुप खेलने वाले कोहली के अफगानिस्तान के खिलाफ तीनों वनडे मैचों में खेलने की पूरी संभावना है। सबसे अधिक महत्व एकमात्र टेस्ट मुकाबले को दिया जा रहा है, क्योंकि हाल के समय में भारतीय टीम पारंपरिक प्रारुप में, खासकर घरेलू परिस्थितियों में, संघर्ष करती नजर आई है। बल्लेबाजों की



स्पिन-अनुकूल पिचों पर कमजोरियां लगातार सामने आई हैं। पिछले वर्ष नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में यह समस्या खुलकर उजागर हुई थी।

### आजमाया जा सकता हैं प्रिंस यादव को

देवदत्त पडिक्कल को घरेलू सत्र की शुरुआत से लगातार मौके दिए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर को ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने वाले आकिब नबी भी चयनकर्ताओं की चर्चा का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे सत्र में 60 विकेट हासिल किए थे। आईपीएल में अपनी तेज रफ्तार और सटीक गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले प्रिंस यादव को वनडे श्रृंखला में आजमाया जा सकता है। बुमराह अगर टीम का हिस्सा नहीं होते हैं, तो मोहम्मद सिराज आक्रमण की अगुवाई करते नजर आ सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा के भी टीम में शामिल होने की संभावना है।

**सीनियर महिला टीम में पहली बार फॉरवर्ड ललथांतलुआंगी को मौका**

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी टीम का ऐलान, सलीमा करेंगी कप्तानी

### पर्थ में 26 से 30 मई तक होगा टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे की अगुवाई में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए सोमवार को चुनी गई भारतीय महिला टीम में पहली बार फॉरवर्ड ललथांतलुआंगी को मौका मिला है। पर्थ में 26 से 30 मई तक होने वाला यह दौरा एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप 2025-26 की तैयारियों का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 15 से 21 जून के बीच ऑकलैंड में आयोजित होगा। भारतीय टीम इस दौरे में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतर रही है। इसी वर्ष अर्जेंटीना दौरे पर टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए चार मैचों की श्रृंखला में दो मुकाबले अपने



नाम किए थे। सलीमा टेटे के नेतृत्व में टीम को अनुभव और युवा जोश का संतुलित मिश्रण मिलेगा।

### युवा चेहरे अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार

2022 राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता सलीमा के साथ सविता, सुशीला चानू पुखरामबाम, लालरेमसियामी और नवनीत कौर जैसी अनुभवी खिलाड़ी मौजूद रहेंगी। वहीं सोनम, हीना बानो और ललथांतलुआंगी जैसे युवा चेहरे भी अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं। सविता और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग विभाग में टीम की मजबूत दीवार होंगी। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान, ईशिका चौधरी, सुशीला चानू पुखरामबाम, ललथांतलुआंगी और ज्योति के साथ शिल्पी डबास को भी पहली बार सीनियर टीम में मौका मिला है।

**9 अंडर का स्कोर बनाकर लगाए 3 शॉट**
**विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर पहुंचे**

# आरोन राय ने रचा इतिहास, जीता पीजीए चैंपियनशिप का खिताब

एजेंसी ▶▶ न्यूटाउन स्क्वायर

भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने अंतिम दौर में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन शॉट से पीजीए चैंपियनशिप जीतकर नया इतिहास रच दिया। वह पिछली एक सदी से भी अधिक समय में इंग्लैंड में जन्मे पहले ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यह प्रतियोगिता जीती है।

राय पहले फॉर्मूला वन ड्राइवर बनना चाहते थे लेकिन बाद में उन्होंने गोल्फ को अपनाया। राय इस टूर्नामेंट में भाग लेने से पहले विश्व रैंकिंग में 44वें स्थान पर थे लेकिन अब वह 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। राय ने पार-5 वाले नौवें होल पर 40 फुट का ईगल पुट लगाया। इसके बाद भी उन्होंने अपना अच्छा खेल जारी रखा और पांच अंडर 65 के स्कोर के साथ समापन किया। उन्होंने कुल 9 अंडर का स्कोर बनाकर तीन शॉट से खिताब जीता।



# कीर्ति व कुमकुम एशियाई खेलों के लिए भारतीय तीरंदाजी टीम में

- दीपिका, अतनु व वर्मा चूके

भाषा ▶▶ सोनीपत

चार बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी, भारत के पूर्व नंबर एक तीरंदाज अतनु दास और एशियाई खेलों के पदक विजेता अभिषेक वर्मा जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे।

तीन दिवसीय चयन ट्रायल सोमवार को यहां खत्म हुआ। युवा कीर्ति शर्मा और कुमकुम मोहोद को महिला रिकर्व टीम में जगह मिली है जबकि ओलंपियन अंकिता भकत ने शूटआफ में दीपिका को हराकर टीम में तीसरा स्थान पाया। कंपाउंड वर्ग में अनुभवी ज्योति सुरेखा वेन्नम अकेली अनुभवी तीरंदाज है।

अभिषेक आठ तीरंदाजों में आखिरी स्थान पर रहे । दुनिया के नंबर सात और भारत के शीर्ष तीरंदाज रिषभ यादव भी जगह नहीं बना सके। जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों और विश्व कप के तीसरे और चौथे चरण के लिये टीम का चयन किया गया। पुरूष रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा शीर्ष, नीरज चौहान दूसरे और यशदीप भोगे तीसरे स्थान पर रहे। अतनु दास एशियाई खेलों की टीम में जगह नहीं बना सके लेकिन विश्व कप के लिये चौथे सदस्य के तौर पर टीम में हैं।

### भारतीय टीम

*रिकर्व पुरूषः धीरज बोम्मदेवरा, नीरज चौहान, यशदीप भोगे, अतनु दास*
*रिकर्व महिलाः कीर्ति शर्मा, कुमकुम मोहोद, अंकिता भकत, दीपिका कुमारी*
*कंपाउंड पुरूषः साहिल जाधव, कुशल दलाल, तिरूमुरू गणेश मणिरत्नम, रिषभ यादव*
*कंपाउंड महिलाः ज्योति सुरेखा वेन्नम, चितिका तानीपूर्ति, प्रिथिका प्रदीप, परनीत कौर*

# फ्रांस से बदला लेने कोर्ट में उतरेंगे भारतीय शटलर

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल में अपने प्रदर्शन में सुधार करके फ्रांस से थॉमस कप के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला चुकता करने की कोशिश करेंगे। भारत इसी महीने की शुरुआत में डेनमार्क के होर्सेन्स में थॉमस कप के सेमीफाइनल में फ्रांस से 0-3 से हार गया था और उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। भारत इस मुकाबले में अपने तीनों एकल मैच हार गया था। अब मलेशिया मास्टर्स में भारतीय खिलाड़ियों का फिर से फ्रांस के खिलाड़ियों से मुकाबला होगा और इस बार वह किसी तरह की कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।





### लक्ष्य की टक्कर उबैदिल्लाह से

कोहनी की चोट के कारण फ्रांस के खिलाफ सेमीफाइनल में नहीं खेल पाने वाले स्टार भारतीय शटलर लक्ष्य सेन इंडोनेशिया के मोह जाकी उबैदिल्लाह के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत के अन्य खिलाड़ियों का मुकाबला हालांकि फ्रांस के खिलाड़ियों से होगा। इनमें थारुन मन्नेपल्ली फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव से, किरण जॉर्ज सातवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स लैनियर से और एचएस प्रणय क्रिस्टो पोपोव से भिड़ेंगे। एस शंकर मुथुसामी सुब्रमणियन को क्वालीफाइंग राउंड से गुजरना होगा।

### मालविका बंसोड़ की यवोन ली से भिड़ंत

महिला एकल खिलाड़ियों में तन्वी शर्मा का मुकाबला थाईलैंड की पिचमोन ओपटनीपुथ से, छठी वरीयता प्राप्त उन्नति हुडा का चीन की हान कियान शी से, मालविका बंसोड़ का जर्मनी की यवोन ली से और अनमोल खरब का डेनमार्क की आठवीं वरीयता प्राप्त लाइन होजमार्क कजर्सफेल्ड से होगा। रक्षिता श्री संतोष राम का मुकाबला जापान की नात्सुकी निदैरा से होगा, जबकि इशारानी बरुआ को पहले दौर में डेनमार्क की पांचवीं वरीयता प्राप्त लाइन क्रिस्टोफरसन की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।


## बार्सिलोना ने रियाल बेटिस पर जीत के साथ घरेलू मैदान पर रखा रिकार्ड बरकरार

# कैंप नोउ में जीता बार्सिलोना, लेवांडोव्स्की को यादगार विदाई

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

स्पेनिश चैंपियन बार्सिलोना ने रियाल बेटिस पर 3-1 की जीत के साथ घरेलू मैदान पर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा और अपने स्टार खिलाड़ी रॉबर्ट लेवांडोव्स्की को यादगार विदाई दी। बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान कैंप नोउ में इस सत्र में खेले गए ला लिगा फुटबॉल टूर्नामेंट के सभी 19 मैच जीते। यह उसका अपने घरेलू मैदान पर इस सत्र का आखिरी मैच था।

राफिन्हा के दो गोल और जोआओ कैंसलो के एक गोल ने स्पेनिश लीग में बार्सिलोना को घरेलू मैदान पर अजेय बनाए रखा। बार्सिलोना ने दो दौर पहले ही लगातार दूसरी बार लीग खिताब अपने नाम कर लिया था। अभी एक दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।



### चार सत्र के बाद क्लब छोड़ रहे लेवांडोव्स्की

बार्सिलोना ने घोषणा की थी कि 37 वर्षीय लेवांडोव्स्की चार सत्र के बाद क्लब छोड़ रहे हैं। इसी तरह से एंटोनी ग्रिजमैन ने मेजर लीग सॉकर में खेलने के लिए अमेरिका जाने से पहले मेट्रोलिटानो स्टेडियम में एटलेटिको मैड्रिड के प्रशंसकों को अलविदा कहा। एटलेटिको ने गिरोना को 1-0 से हराया। लेवांडोव्स्की ने बार्सिलोना को चार सत्र में तीन स्पेनिश लीग खिताब जीतने में मदद की। उनके रहते हुए क्लब ने कोपा डेल रे का खिताब भी जीता। उन्होंने बार्सिलोना की तरफ से 192 मैचों में 119 गोल किए। पोलैंड के स्ट्राइकर के लिए यह एक भावुक विदाई थी, जिन्हें मैच के बाद उनके साथियों ने हवा में उछाल दिया।

# प्रज्ञाननंदा ने खेला ड्रा, फोरेस्ट को बराबरी पर रोका

### सुपर शतरंज क्लासिक : कीमर ने बनाई बढ़त

एजेंसी ▶▶ बुखारेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने सुपर शतरंज क्लासिक टूर्नामेंट के चौथे दौर में नीदरलैंड के खिलाड़ी जॉर्डन वैन फोरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला, जबकि जर्मनी के विंसेंट कीमर ने आसान जीत के बाद बढ़त हासिल कर ली। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा पर एकमात्र जीत और तीन ड्रॉ के बाद प्रज्ञाननंदा के संभावित चार में से 2.5 अंक है जबकि कीमर ने फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को हराकर तीन अंकों के साथ एकल बढ़त बना ली। अनीश गिरी ने विश्व



चैंपियनशिप के चैलेंजर उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ जबकि वेस्ली सो ने रोमानिया के डिएक बोगदान-डेनियल के खिलाफ ड्रॉ खेला। फ़िरोजा स्वास्थ्य समस्याओं का हवाला देते हुए चौथे दौर में नहीं खेले। प्रज्ञाननंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझा और केवल 35 चाल के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई।




## हितों के टकराव के मामले में घिरे अमेरिकी राष्ट्रपति

# डोनाल्ड ट्रंप ने इस साल के तीन माह में किए 3700 शेयर सौदे

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हितों के टकराव (कॉनफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट) से जुड़े एक नए विवाद में घिर गए हैं। वित्तीय खुलासों से पता चला है कि ट्रंप या उनके सलाहकारों ने 2026 के पहले तीन महीनों में 3,700 से अधिक शेयर सौदे किए। इनमें उन कंपनियों के शेयरों का लेन-देन भी शामिल था, जो सीधे अमेरिकी सरकारी नीतियों और नियामक फैसलों से प्रभावित होती हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार यह ट्रेडिंग गतिविधि एनवीडिया, अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और बोइंग जैसी अमेरिका की कई बड़ी टेक्नोलॉजी, फाइनेंस, एयरोस्पेस और मीडिया कंपनियों से जुड़ी थी। इन सौदों की कुल राशि करोड़ों डॉलर में बताई गई है। इनमें से कई कंपनियां ऐसे क्षेत्रों में काम करती हैं जिन पर सरकार का सीधा प्रभाव पड़ता है। उदाहरण के लिए एनवीडिया को चीन को उन्नत एआई चिप्स निर्यात करने के लिए अमेरिकी सरकार की मंजूरी चाहिए होती है, जबकि बोइंग का कारोबार रक्षा और एयरोस्पेस अनुबंधों से जुड़ा है, जो संघीय सरकार पर निर्भर हैं। इसी तरह मेटा, माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन जैसी बड़ी टेक कंपनियां लगातार एंटीट्रस्ट जांच, एआई नियमन और संघीय नीतिगत फैसलों से प्रभावित होती रहती हैं। सरल शब्दों में कहें तो ट्रंप ने जनवरी से मार्च 2026 के बीच औसतन प्रतिदिन 40 से अधिक ट्रेड किए। यह पिछले तिमाही की तुलना में भारी बढ़ोतरी थी, जब 2025 के आखिरी तीन महीनों में लगभग 380 ट्रेड दर्ज किए गए थे।

### वॉल स्ट्रीट भी हैरान



कई बाजार विशेषज्ञों के लिए केवल ट्रेडों की संख्या ही चौंकाने वाली थी। उन्होंने कहा कि यह ट्रेडों की बेहद पागलपन भरी संख्या है। ऐसा लगता है मानो कोई हेज फंड बड़े एल्गोरिदमिक ट्रेड कर रहा हो। कई अन्य वॉल स्ट्रीट पेशेवरों ने भी इसे किसी मौजूदा राष्ट्रपति के लिए बेहद असामान्य बताया। उन्होंने कहा कि वॉल स्ट्रीट में अपने 40 से अधिक वर्षों के अनुभव में इस स्तर की ट्रेडिंग बहुत कम देख गई है। सबसे बड़े सौदों में से एक 10 फरवरी को हुआ जब ट्रंप ने माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और अमेजन में अपनी हिस्सेदारी बेचकर 50 लाख से 2.5 करोड़ डॉलर तक की राशि हासिल की।

### आलोचकों की प्रतिक्रिया

*आलोचकों का कहना है कि भले ही कोई कानून न टूटा हो, लेकिन किसी मौजूदा राष्ट्रपति द्वारा इतनी आक्रामक ट्रेडिंग गंभीर हितों के टकराव की आशंका पैदा करती है।ईरान संबंधी टिप्पणियां और संदिग्ध बाजार दांवये खुलासे ऐसे समय आए हैं जब कुछ महीने पहले तेल और शेयर वायदा बाजार में असामान्य गतिविधियों ने अटकलों को जन्म दिया था। इस साल की शुरुआत में ट्रंप द्वारा ईरान से जुड़ी वार्ताओं में प्रगति का संकेत देने से ठीक पहले कुछ ट्रेडर्स ने तेल कीमतों में गिरावट और अमेरिकी शेयर बाजार में तेजी पर बड़े दांव लगाए थे। ट्रंप की टिप्पणियों के बाद तेल कीमतें गिर गईं और शेयर बाजार तेजी से ऊपर चढ़ गया, जिससे सोशल मीडिया पर अंदरूनी जानकारी के इस्तेमाल को लेकर चर्चाएं तेज हो गईं। हालांकि, अब तक ऐसा कोई सार्वजनिक सबूत सामने नहीं आया है जो सीधे ट्रंप को उन ट्रेडों से जोड़ता हो।*


### कुशनर के खाड़ी देशों से संबंध भी जांच के घेरे में

- *इस विवाद ने ट्रंप के दामाद और मौजूदा मध्य-पूर्व दूत जारेड कुशनर पर भी ध्यान खींचा है। ब्लूमबर्ग के अनुसार, कुशनर खाड़ी देशों से जुड़े निवेश हित बनाए हुए हैं, जबकि वह ट्रंप प्रशासन के लिए कूटनीतिक भूमिका भी निभा रहे हैं।*
- *आलोचकों का कहना है कि कूटनीतिक प्रभाव और निजी निवेश संबंधों का यह मेल हितों के टकराव की एक और संभावित स्थिति पैदा करता है। हालांकि, कुशनर के खिलाफ किसी गलत काम का कोई सबूत नहीं है। व्हाइट हाउस ने आरोपों से इनकार कियाव्हाइट हाउस ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है।*
- *व्हाइट हाउस के एक प्रवक्ता ने कहा कि ट्रंप सिर्फ अमेरिकी जनता के सर्वोत्तम हित में काम करते हैं और किसी भी प्रकार का हितों का टकराव नहीं है।*

## नॉर्वे के प्रधानमंत्री स्टोरे के साथ हुई बैठक के बाद दिए साझा प्रेस वक्तव्य में बोले प्रधानमंत्री

# सैन्य संघर्ष से हल नहीं किया जा सकता कोई मुद्दा: मोदी

*मोदी ने दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में तनाव के माहौल के बीच नई दिल्ली के भू-राजनीतिक रुख को मजबूती से रेखांकित किया। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट और यूक्रेन युद्ध के तत्काल समाधान के लिए संवाद और कूटनीति की पैरवी की।*



एजेंसी ▶▶| ओस्लो

ओस्लो, 18 मई (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नॉर्वे के उनके समकक्ष जोनास गहर स्टोर के बीच व्यापक वार्ता हुई जिस दौरान उन्होंने यूक्रेन व पश्चिम एशिया में तनाव को संवाद और कूटनीति के माध्यम से हल करने का आह्वान किया। दोनों नेताओं ने सोमवार को स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता, नीली अर्थव्यवस्था, हरित परिवहन, डिजिटल प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और आर्कटिक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए बातचीत की। मोदी ने मीडिया के लिये टेलीविजन पर प्रसारित अपने संदेश में कहा, ₹भारत और नॉर्वे, दोनों ही नियम-आधारित व्यवस्था, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात से सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं किया जा सकता है।₹ उन्होंने कहा, ₹चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के लिए किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करना जारी रखेंगे।

### नॉर्वे आर्कटिक क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण देश

*आर्कटिक सहयोग पर प्रकाश डालते हुए, मोदी ने नॉर्वे को आर्कटिक क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण देश बताया और भारत के आर्कटिक अनुसंधान केंद्र हिमाद्री के संचालन में सहयोग देने के लिए उसे धन्यवाद दिया। उन्होंने आईएसआरओ और नॉर्वे की अंतरिक्ष एजेंसी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर का भी स्वागत किया और कहा कि इससे द्विपक्षीय अंतरिक्ष सहयोग को एक नया आयाम मिलेगा। मोदी ने भारत के नेतृत्व वाली 'हिंद-प्रशांत महासागर पहल' में नॉर्वे के शामिल होने के निर्णय की भी सराहना की। उन्होंने कहा, ₹दो प्रमुख समुद्री राष्ट्रों के रूप में, हम समुद्री अर्थव्यवस्था, समुद्री सुरक्षा और क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों ने एक त्रिकोणीय विकास सहयोग समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत वे भारत की डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं के माध्यम से वैश्विक दक्षिण के देशों में मिलकर काम करेंगे। एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने सीमा पार आतंकवाद सहित आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट और कड़ी निंदा की है।*

### नॉर्वे के सर्वोच्च सम्मान 'द रॉयल नॉर्वे ऑर्डर ऑफ मेरिट, ग्रैंड क्रास' से सम्मानित मोदी



स्वीडन ने 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से नवाजा था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

अपनी विदेश यात्रा के चौथे पड़ाव नॉर्वे पहुंचने पर जहां एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वहां की सरकार और इस यूरोपीय देश में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों ने जोरदार अंदाज में स्वागत किया। तो वहीं, दूसरी उन्हें नॉर्वे के सर्वोच्च सम्मान 'द रॉयल नॉर्वे ऑर्डर ऑफ मेरिट, ग्रैंड क्रास' से सम्मानित किया गया है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि सोमवार को पीएम मोदी को ओस्लो में आयोजित किए गए एक विशेष समारोह में नॉर्वे के महामहिम सम्राट हेराल्ड पंचम ने इस सम्मान से सम्मानित किया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में सम्मान के लिए नॉर्वे के सम्राट और वहां की आम जनता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने इस सम्मान को दोनों देशों के बीच स्थापित ऐतिहासिक मित्रता को समर्पित करते हुए आम जनता के बीच साझा की गई अटूट गर्मजोशी, विश्वास और स्नेह के प्रति श्रद्धांजलि बताया।

### 32 देशों में सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित

*विदेशी राष्ट्राध्यक्षों को प्रदान किया जाने वाला यह सम्मान नॉर्वे का सर्वोच्च सम्मान है। जिसे नॉर्वे तथा मानवता के हित में उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रदान किया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मान भारत और नॉर्वे के बीच मौजूद सद्भावना के गहरे बंधन का प्रतीक है। जो भविष्य में दोनों देशों की मित्रता और सहयोग की यात्रा का मार्गदर्शन करेगा। यहां बता दें कि अभी तक पीएम मोदी को दुनिया के कुल करीब 32 देशों ने अपने सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया है। जिसमें अमेरिका, रूस, फ्रांस, स्वीडन और नॉर्वे सहित दुनिया के अन्य देश शामिल हैं।*

### स्वीडन ने भी किया सम्मानित

*बीते रविवार को प्रधानमंत्री मोदी को स्वीडन की प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टरसन ने अपने देश के सर्वोच्च सम्मान 'रॉयल ऑर्डर ऑफ द पोलर स्टार, कमांडर ग्रैंड क्रॉस' से सम्मानित किया था। जो किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष या सरकार के प्रमुख को स्वीडन द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।*

## अमेरिका में एयर शो के दौरान आपस में टकराए दो एफ 18 लड़ाकू विमान



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में एयर शो के दौरान हुए बड़े हादसे ने सैन्य विमानों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रदर्शन के बीच दो लड़ाकू विमान आपस में टकरा गए, हालांकि सभी क्रू मेंबर सुरक्षित बच निकले। हादसे के बाद पूरे कार्यक्रम को रद्द कर जांच शुरू कर दी गई है। अमेरिका के माउंटेन होम एयरफोर्स बेस में आयोजित एयर शो के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब दो अमेरिकी ईए-18जी ग्राउलर लड़ाकू विमान हवा में आपस में टकरा गए। हादसे के बाद एयरबेस को तत्काल लॉकडाउन कर दिया गया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अमेरिका के माउंटेन होम एयरफोर्स बेस में आयोजित एयर शो के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जब दो अमेरिकी ईए-18जी ग्राउलर लड़ाकू विमान हवा में आपस में टकरा गए। हादसे के बाद एयरबेस को तत्काल लॉकडाउन कर दिया गया और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बीच आसमान में हुई इस भीषण टक्कर के बाद विमानों के परखच्चे उड़ गए।

## स्क्वाड्रन लीडर सान्या पहली महिला क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर बनीं



नई दिल्ली (भाषा)। भारतीय वायु सेना ने सोमवार को कहा कि स्क्वाड्रन लीडर सान्या ने प्रतिष्ठित श्रेणी-ए योग्य उड़ान प्रशिक्षक (क्यूएफआई) योग्यता हासिल करने वाली पहली महिला अधिकारी बनकर इतिहास रच दिया है। भारतीय वायु सेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह भारतीय वायु सेना के लिए एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है और पूरे देश में महत्वाकांक्षी विमान चालकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के सान्या को सम्मानित करने की तस्वीरें भी पोस्ट में साझा की गईं। पोस्ट में कहा गया, "स्क्वाड्रन लीडर सान्या ने प्रतिष्ठित श्रेणी-ए योग्य उड़ान प्रशिक्षक (क्यूएफआई) योग्यता हासिल करने वाली पहली महिला अधिकारी बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उनकी यह उपलब्धि समर्पण और उत्कृष्टता की निरंतर खोज का प्रतीक है।" पोस्ट में कहा गया, "यह भारतीय वायु सेना के लिए गर्व का पल है और देशभर में विमानन क्षेत्र में करियर बनाने की आकांक्षा रखने वाले युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।"




## शिकागो : सड़क हादसे में भारतीय छात्रा की मौत

**शिकागो।** अमेरिका में शिकागो के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे में 25 साल की एक भारतीय छात्रा की जान चली गई और छह अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना शनिवार देर रात इंडियाना राज्य के लेक काउंटी में क्राउन पॉइंट शहर के पास इंटरस्टेट 65 हाईवे पर हुई। मीडिया से मिली जानकारी के मुताबिक मृत छात्रा की पहचान नव्या गड्डूसू के रूप में की है। लेक काउंटी कोरोनर कार्यालय ने रविवार रात 12 बजकर 16 मिनट पर नव्या को मृत घोषित कर दिया। नव्या की मौत दुर्घटना में चोट लगने से हुई है।



## ब्रिक्स न्याय मंत्रियों की बैठक आज से भारत करेगा अध्यक्षता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्रिक्स देशों के वरिष्ठ अधिकारियों और न्याय मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक आज 19 मई से 22 मई तक गुजरात के गांधीनगर में आयोजित होगी। भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता के तहत इस बैठक की मेजबानी कर रहा है। विधि एवं न्याय मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग द्वारा आयोजित यह चार दिवसीय बैठक कानूनी सुधारों, विवादों के त्वरित निपटारे और वैकल्पिक विवाद समाधान (को मजबूत करने पर केंद्रित रहेगी। बैठक के अंत में ब्रिक्स न्याय मंत्रियों द्वारा संयुक्त वक्तव्य अपनाया जाएगा, जिसमें मध्यस्थता और एडीआर को मजबूत करने के लिए ठोस प्रतिबद्धताएं शामिल होंगी। मध्यस्थता और मध्यस्थता में क्षमता निर्माण के माध्यम से वैकल्पिक विवाद समाधान को मजबूत करना विषय पर एक घोषणापत्र भी जारी किया जाएगा।

BRICS INDIA 2026

### चर्चा के प्रमुख मुद्दे

- *संस्थागत मध्यस्थता और मध्यस्थता सुधार*
- *वाणिज्यिक एवं सार्वजनिक क्षेत्र के विवादों में एडीआर की भूमिका*
- *अदालतों में लंबित मामलों को कम करना*
- *डिजिटल तकनीक के जरिए सस्ता और तेज न्याय*

## अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से परमाणु सहयोग पर की बातचीत

# भारत-अमेरिका सहयोग के विस्तार पर हुई विस्तृत चर्चा : जितेंद्र सिंह



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत के परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी निवेश और औद्योगिक सहयोग के नए अवसरों पर अमेरिकी उद्योग प्रतिनिधिमंडल के साथ विस्तृत चर्चा की। यह उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल परमाणु ऊर्जा संस्थान और अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच के प्रतिनिधियों से मिलकर बना था। बैठक में भारत के महत्वाकांक्षी परमाणु ऊर्जा मिशन, निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने वाले हालिया सुधारों और स्वच्छ ऊर्जा तथा उन्नत प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग के विस्तार पर चर्चा हुई। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच विज्ञान, प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा और उभरते क्षेत्रों में मजबूत और भविष्य उन्मुख साझेदारी विकसित हो रही है, जिसमें नागरिक परमाणु सहयोग का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28